इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....

गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

वर्ष- 43 अंक -259 राजनांदगांव, मंगलवार 06 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

इस्तीफा देने के बाद भारत पहुंची शेख हसीना, एनएसए डोभाल ने की मुलाकात, गुप्त ठिकाने पर रहेंगी

नई दिल्ली। पड़ोसी देश बांग्लादेश में सोमवार को तख्तापलट हो गया। सरकार की कमान सेना ने संभाल ली है। शेख हसीना ने सोमवार को पीएम पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़ दिया। दोपहर करीब 2.30 बजे सेना का हेलीकॉप्टर शेख हसीना और उनकी बहन शेख रेहाना को लेकर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से रवाना हुआ। शाम 5.36 बजे शेख हसीना का प्लेन गाजियाबाद के पास हिंडन एयरबेस पर लैंड हुआ। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना और उनकी बहन अगले कुछ दिनों तक भारत की मेहमान होंगी।

हसीना के एयरक्राफ्ट को मॉनिटर कर रही थी इंडियन आर्मी

भारत पहुंचने पर इंडियन आर्मी के अफसरों ने शेख हसीना का स्वागत किया। शेख हसीना के प्लेन को बांग्लादेश से टेक ऑफ करने के बाद से ही भारतीय सेना ने ट्रैक करना शुरू कर दिया था। हसीना का विमान पश्चिम बंगाल की वायु सीमा से होते हुए भारत में दाखिल हुआ। इसके बाद यह झारखंड, बिहार और यूपी की एयर स्पेस से होते हुए गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर लैंड हुआ। इसके कुछ देर पहले ही सेना ने इस प्लेन की मॉनिटरिंग रोक दी

भारतीय सेना के अफसरों ने शेख हसीना की अगवानी की

भारत पहुंचने पर भारतीय सेना के अफसरों ने शेख हसीना की अगवानी की। उनके विमान को हिंडन एयरबेस पर लैंड होने की क्लीयरेंस पहले ही दे दी गई थी। शेख हसीना के स्वागत के लिए इंडियन आर्मी की ओर से रेड कार्पेट तैयार रखा गया था। भारत पहुंचने पर शेख हसीना की आंखों में आंसू नजर आए। ऐसा कहा जा रहा है *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

विदेश मंत्री ने पीएम मोदी को दी जानकारी

PTI की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर बांग्लादेश में हो रही घटनाओं के बारे में जानकारी दी। शेख हसीना ने इस्तीफे से कुछ दिन पहले भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा से कहा था कि अराजकतावादी उनके देश में श्रीलंका जैसी स्थिति उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं और उनकी सरकार को गिराने का प्रयास कर रहे हैं।

सुबह से लेकर शाम तक ऐसे बदली बांग्लादेश की तस्वीर

जैसे ही सोमवार सुबह बांग्लादेश में सियासी हलचल तेज हुई भारत समेत पूरी दुनिया की नजरें इस पर टिक गई। सुबह आरक्षण विरोधी प्रदर्शनकारियों ने ढाका में अचानक पैदल मार्च शुरू कर दिया। इससे पहले यह मार्च बुधवार को निकालने की परमिशन ली गई थी। मार्च निकलते ही सेना और पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। हालांकि, इसके बाद हालात और उग्र हो गए। प्रदर्शनकारी पीएम आवास गना भवन की ओर बढ़ने लगे। देखते- देखते ही हालात बेकाबू हो गए। प्रदर्शनकारी पीएम भवन में घुस गए। गृह मंत्री के सरकारी आवास के आग के हवाले कर दिया।

हिंसा के बीच बांग्लादेश में चार मंदिरों पर हमले, 300 भारतीय ट्रक भी फंसे

ढाका। बांग्लादेश में हिंसक भीड़ ने ढाका स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र और चार हिंदू मंदिरों पर हमला किया है। इन हमलों में मंदिरों को मामूली नुकसान हुआ है। कुछ हिंदुओं को भी निशाना बनाए जाने की अपुष्ट सूचना है। बांग्लादेश के हिंदू, बौद्ध और ईसाई एकता परिषद के नेता काजोल देबनाथ ने बताया है कि देश के चार मंदिरों पर हमले हुए हैं। इन हमलों में मंदिरों को मामूली नुकसान हुआ है।

प्रधानमंत्री हसीना के सत्ता से हटने के बाद हिंदू समुदाय के लोगों में स्थिति को लेकर डर है, लेकिन अभी तक कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई है। भीड़ द्वारा निशाना बनाए गए भारतीय सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन मार्च 2010 में हुआ था। इस केंद्र में योग, हिंदी, भारतीय शास्त्रीय संगीत और भारतीय नृत्य कलाओं के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाता है। इस केंद्र के पुस्तकालय में भारत से संबंधित 21 हजार पुस्तकों का भी संग्रह है।

बांग्लादेश में फंसे 300 भारतीय ट्रक

बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल लैंड पोर्ट से माल की आवाजाही सोमवार को रुक गई। पेट्रापोल के क्लीयरिंग एजेंट्स स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव कार्तिक चक्रवर्ती ने बताया कि बांग्लादेश की ओर 250-300 भारतीय ट्रक फंसे हुए हैं।

रोजाना जाते हैं 450-500 ट्रक

पेट्रापोल भारत-बांग्लादेश की सीमा पर स्थित लैंड पोर्ट है। चक्रवर्ती ने कहा कि हम बांग्लादेश के नए प्रशासन से ट्रकों, माल और ड्राइवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध करेंगे। बता दें कि हर दिन औसतन 450-500 ट्रक भारत से दक्षिण एशिया के सबसे बड़े लैंड पोर्ट पेट्रापोल के माध्यम से बांग्लादेश जाते हैं। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

अखिलेश ने अयोध्या मामले में फिर दोहराई डीएनए टेस्ट की मांग

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या रेपकांड में एक बार फिर आरोपी के डीएनए टेस्ट की मांग की है. इस मांग को लेकर बीजेपी सपा पर हमलावर है. वहीं इसका जवाब देते हुए सपा मुखिया ने कहा कि जब इसी सरकार ने पिछले साल कानून संशोधित किया था कि अगर किसी मामले में सात साल की सजा का प्रावधान है तो उसमें आरोपी का डीएनए टेस्ट होना चाहिए तो इसमें क्या गलत मांग है और उनके परिवार के लोग भी ये मांग कर रहे हैं.

अखिलेश ने मीडिया से बात करते हुए कहा, अयोध्या मामले में कोई पॉलिटिकल पार्टी अगर समाजवादी पार्टी ये बात कहती है कि डीएनए टेस्ट होना चाहिए. कैसे मुख्यमंत्री हैं. इन्हें कौन राय दे रहा है. ये कानून किसका संशोधित है. ये इन्हीं का संशोधित किया हुआ है 2023 का. जिसमें कहा गया है कि डीएनए टेस्ट होना चाहिए, अगर सात साल की सजा का प्रावधान है तो. क्या गलत मांगा है और उनके परिवार के लोग कह रहे हैं. सपा मुखिया ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग भेदभाव कर रहे हैं. इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इनको हर जगह राजनीति दिखाई दे रही है, वोट दिखाई दे रहा है. ये कितना भी कुछ कर लें, *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

सावन का तीसरा सोमवार, भोरमदेव में कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प-वर्षा

रायपुर. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रदेश के प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर में सावन मास के अवसर पर हजारों कावड़ियों का हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया. इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्यमंत्री साय ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ कावड़ियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया और उनका हौसला बढ़ाया. मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी कावड़ियों का अभिनंदन किया.



यह छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्वयं हेलीकॉप्टर से शिवभक्त कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया. मुख्यमंत्री साय ने इस अद्वितीय मौके पर भोरमदेव बाबा भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक भी किया, जिसमें उन्होंने प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की. मुख्यमंत्री साय और उपमुख्यमंत्री शर्मा ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से मुलाकात की और भंडारा स्थल पर पहुंचकर अपने हाथों से श्रद्धालुओं को खीर, पुड़ी, चावल और प्रसाद वितरित किया. इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला राम कुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, और नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने भी बाबा भोरमदेव भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री साय और डिप्टी सीएम ने बूढ़ामहादेव के किए दर्शन, हटकेश्वरनाथ का फूलों से श्रृंगार

सावन में शिव भक्तों के लिए ऐतिहासिक आयोजन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम सभी भक्तजनों को सावन मास की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि सावन के तीसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और उन्होंने प्रदेश के सभी लोगों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की है. पवित्र सावन माह में शिव भक्तों के लिए यह ऐतिहासिक आयोजन रहा. कबीरधाम जिले में स्थित बाबा भोरमदेव मंदिर के साथ-साथ, बुढ़ा महादेव और डोंगरिया के जलेश्वर महादेव जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर भी हर साल हजारों कावड़ियों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है. *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की भावनाओं के विपरीत है भाजपा की नीति- खडगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की नीतियों को जम्मू- कश्मीर तथा लद्दाख के लोगों के खिलाफ बताते हुए जम्मू-कश्मीर में तत्काल विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है।

श्री खडगे ने सोमवार को कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर भाजपा की नीति न तो कश्मीरियत का सम्मान करती है और न ही जम्हूरियत को बरकरार रखती है। मोदी सरकार ने दावा किया था कि इस कदम से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण रूप से एकीकृत करने, क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और आतंकवाद तथा अलगाववाद को रोकने में मदद मिलेगी लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने पिछले पांच साल के दौरान जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमलों का विवरण देते हुए कहा साल 2019 के बाद से 683 घातक आतंकी हमले हुए हैं जिसके परिणामस्वरूप 258 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए और 170 नागरिकों की जान चली गई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने के बाद से अब तक राज्य के जम्मू क्षेत्र में 25 आतंकवादी हमले हुए हैं *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर नियंत्रण के लिए विधेयक लाने की तैयारी में सरकार

नई दिल्ली। एक बड़े कदम के तहत सरकार वक्फ बोर्ड की संपत्ति को वक्फ परिसंपत्ति घोषित करने और उस पर नियंत्रण करने की अनियंत्रित शक्तियों पर अंकुश लगाना चाहती है. सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार शाम को कैबिनेट ने वक्फ अधिनियम में 40 से अधिक संशोधनों पर चर्चा की है. इनमें वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र की जांच करने के लिए संशोधन शामिल है, जिन्हें कई तरह से मनमाना माना जाता है, जो अब देश भर में लाखों करोड़ रुपये की संपत्तियों को नियंत्रित करता है.

कैबिनेट बैठक मे हुई चर्चा

प्रस्तावित संशोधनों के तहत, वक्फ बोर्ड के दावे, जो पहले अप्रतिबंधित थे, अनिवार्य सत्यापन के अधीन माने जाएंगे. अनिवार्य सत्यापन की एक समान व्यवस्था उन संपत्तियों के लिए भी की गई है, जिनके लिए वक्फ बोर्ड और व्यक्तिगत मालिकों ने दावे किए हैं.

हालांकि, किसी अधिकारी ने शुक्रवार की शाम को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव के बारे में बात नहीं की है लेकिन सूत्रों की मानें तो अगले हफ्ते इस विधेयक को संसद में पेश किया जा सकता है.

वक्फ बोर्ड की शक्तियों पर अंकुश के लिए किए जाएंगे संशोधन

सूत्रों ने यह भी बताया कि संपत्तियों के अनिवार्य सत्यापन के दो प्रावधान, जो वक्फ बोर्ड की मनमानी शक्तियों पर लगाम लगाएंगे, अधिनियम में रखे गए प्रमुख संशोधन हैं. वर्तमान में इन संस्थाओं के पास किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में टैग करने की शक्ति प्राप्त है.

जानकारी के मुताबिक देशभर में 8.7 लाख से अधिक संपत्तिया यानी कि लगभग 9.4 लाख एकड़ वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में आते हैं. *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

एलजी कर सकते हैं दिल्ली नगर निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति, सुप्रीम कोर्ट से मिली हरी झंडी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम में 10 'एल्डरमैन' नामित करने के दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के फैसले को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में 10 'एल्डरमैन' नामित करने के एलजी के फैसले को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह की आवश्यकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एमसीडी में सदस्यों को नामित करने की एलजी की शक्ति एक वैधानिक शक्ति है, न कि कार्यकारी शक्ति। इससे पहले दिल्ली में एमसीडी के पार्षदों की नियुक्ति का फैसला बिना अरविंद केजरीवाल सरकार के मंत्रियों से विचार-विमर्श कर किए जाने का आम आदमी पार्टी ने विरोध किया था। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थी। जिस पर आज सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के इस फैसले पर *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

डेथ चैंबर बन गए हैं कोचिंग सेंटर, बच्चों की जिंदगी से रहे हैं खेल, सुप्रीम कोर्ट ने फेडरेशन पर लगाया 1 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। कोचिंग सेंटरों में मौजूद खतरों और लगातार हो रहे हादसों के मद्देनजर सेफ्टी के लिए गाइडलाइन बनाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत- संज्ञान लेते हुए बड़ा आदेश दिया है. कोर्ट ने दिल्ली के कोचिंग सेंटर्स को डेथ चेंबर बताया है. कोर्ट ने याचिकाकर्ता कोचिंग सेंटर फेडरेशन पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है.

दिल्ली के राजिंदर नगर में कोचिंग सेंटर में यूपीएससी के छात्रों की मौत के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा को लेकर स्वतः संज्ञान लेकर भारत सरकार, दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है. सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि कोचिंग सेंटर बच्चों की जिंदगी से खेल रहे हैं. कोचिंग सेंटर डेथ चैंबर बन गए हैं.

कोर्ट ने पूछे ये सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार और दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को नोटिस जारी कर पूछा कि कोचिंग सेंटरों में क्या सेफ्टी के नियम लागू किए गए है? सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल को इस मामले में कोर्ट की सहायता करने को कहा है. कोर्ट ने कहा कि हमारा ये सोचना है कि अगर कोचिंग सेंटर सेफ्टी नॉर्म को पूरा नही करते तो इनको ऑन लाइन मोड में कर दिया जाना चाहिए। लेकिन फिलहाल हम ये नहीं कर रहे हैं. दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने पर सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग सेंटर फेडरेशन के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया. दिल्ली हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर कोचिंग हादसे के बाद जिन कोचिंग सेंटर के पास फायर एनओसी नहीं है उन्हे बंद करने का आदेश दिया था. हाईकोर्ट के आदेश को कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी.

1 छात्रा और 2 छात्रों की हुई थी मौत

27 जुलाई को ही दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर में पानी भरने से एक छात्र और दो छात्राओं की मौत हो गई थी. *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

होम्योपैथिक चिकित्सक एवं सलाहकार
डॉ.विशाल गंगवानी
(BHMS, RHSC)
आशीर्वाद डेन्टल क्लीनिक, बसंतपुर रोड,
पुराना हॉस्पिटल के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 6264277529
समय प्रतिदिन- प्रातः 10 से 2 बजे तक, सायं 4 से 8 बजे तक
होम्योपैथिक चिकित्सा प्रकृति के नियमों पर आधारित पद्धति है जिसमें मरीज को बिना साईड इफेक्ट के जटिल बिमारियों का जड़ से निदान की व्यवस्था है।
बिमारियाँ
बच्चेदानी में गठान, महावारी की अनियमितता, ओवरी में सिस्ट, एनजाइटी डिजआर्डर, बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना, बच्चों का बहुत हाइपर एक्टिव होना, माइग्रेन, पुराना सरदर्द, एलर्जीक खुजली, एलर्जीक सर्दी-खाँसी, टान्सिलाइटिस, मानसिक तनाव, नींद न आना, डिप्रेशन, अस्थमा, सोरीएसीस, पथरी, ब्लडप्रेशर, मधुमेह, थाइराईड, साईटिका
विशेषकर पुराने जटिल एवं असाध्य रोग
होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सफलता पूर्वक अनुभव के साथ। हम आज के इस बिमारियों के युग में मरीज की संपूर्ण देखभाल बिना किसी इफेक्ट के होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से प्रभावकारी तरीके से करने हेतु कटिबध्य है।
नया केस अपांइटमेंट के द्वारा लिया जाता है।
अन्य क्लिनिक - चंदखुरी- आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम, चंदखुरी भाटा
(समय : प्रति मंगलवार- प्रातः 10 से 2 बजे तक)

नासा ने जारी किया खौफनाक वीडियो! भारत समेत पूरी दुनिया पर मंडरा रहे कार्बन डाइऑक्साइड के बादल

नई दिल्ली। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें पूरी दुनिया पर कार्बन डाइऑक्साइड के बादल दिख रहे हैं। खास कंप्यूटर और मॉडल्स के जरिए नासा ने एक मैप तैयार किया है जिसें देखा जा सकता है कि भारत समेत कई देशों पर कार्बन डाइऑक्साइड के बादल छाए हुए हैं। अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में ज्यादातर कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन जंगल की आग से फैल रहा है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है।

ज्यादातर विकसित देश अधिक से अधिक मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन कर रहे हैं। इसी बीच अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें पूरी दुनिया पर कार्बन डाइऑक्साइड के बादल दिख रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि भारत समेत पूरी दुनिया में कार्बन डाइऑक्साइड के बादल छाए हुए हैं।

इन देश में हो रहा कार्बन का जबरदस्त उत्सर्जन

यह मैप खास कंप्यूटर और मॉडल्स के जरिए बनाया गया है। वीडियो में दिख रहा है कि कैसे कार्बन डाइऑक्साइड हमारे वायुमंडल में घुल रहे हैं। नासा के साईंटिस्ट लेसली ओट के अनुसार, चीन अमेरिका और दक्षिण एशिया से सबसे ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन हो रहा है।

जीईओएस मॉडल के जरिए मिली जानकारी

कार्बन डाइऑक्साइड का यह मैप जीईओएस नामक मॉडल का उपयोग करके बनाया गया, जो गोडार्ड अर्थ ऑब्जर्विंग सिस्टम का संक्षिप्त रूप है। जीईओएस एक हाई-रिजॉल्यूशन वाला मौसम पुनर्विश्लेषण मॉडल है, जो सुपर कंप्यूटर के जरिए ऑपरेट किया जाता है। इस सिस्टम के जरिए वायुमंडल की गतिविधियों पर नजर रखा जाता है।

जंग में फैल रही आग से बढ़ रहा कार्बन डाई ऑक्साइड

अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में ज्यादातर कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन जंगल की आग से फैल रहा है। वहीं, तेल और कोयले के जलने की वजह से *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

अमेरिका में मंदी की आशंका से सेंसेक्स 2,222 अंक गिरा-78,759 के स्तर पर बंद

मुंबई। अमेरिका में मंदी की आशंका के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज 5 अगस्त को सेंसेक्स 2,222 अंकों (2.74%) की गिरावट के साथ 78,759 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 662 अंक (2.68%) की गिरावट रही। यह 24,055 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में निफ्टी रियल्टी, मेटल, सरकारी बैंक और मीडिया इंडेक्स में 4न्न से ज्यादा की गिरावट रही। वहीं ऑटो, IT, और ऑयल एंड गैस इंडेक्स 3% से ज्यादा गिरे। सेंसेक्स के टॉप लूजर्स में टाटा मोटर्स, अडाणी पोर्ट, टाटा स्टील, SBI और पावर ग्रिड रहे।

मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी करीब 4% टूटा

मार्केट कैप, 16 लाख करोड़ घटा; जापानी मार्केट 12.40 प्रतिशत टूटा

BSE का मिडकैप इंडेक्स 1,718 अंक (3.60%) की गिरावट के साथ 45,956 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स 2,297 अंक टूटा है। ये 4.21% गिरकर 52,331 के स्तर पर आ गया। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है शिक्षा के भय को समाप्त करना: डॉ. रमन सिंह

कौशल व रोजगार परक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य है - डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में नव प्रवेशित छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिलाधिकारी संजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथिगण, समाज सेवी राजनांदगांव, रमेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष, आभा तिवारी, पार्षद मधु वैद, प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव डॉ. अंजना ठाकुर उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अपार संभावनाएं हैं - डॉ. रमन सिंह

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिग्विजय महाविद्यालय प्रदेश का सबसे बड़ा महाविद्यालय है और पीढियों का निर्माण करने की जवाबदेही भी दिग्विजय महाविद्यालय की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है शिक्षा के प्रति छात्रों में भय को समाप्त करना। इस नीति में अपार संभावनाएं हैं। कौशल व रोजगार परक् गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है कि जीडीपी का 6 प्रतिशत शिक्षा के क्षेत्र में व्यय करने का बड़ा निर्णय लिया गया है। साथ ही उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए महाविद्यालय के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को आमंत्रित किये।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति समाज में क्रांति लायेंगी, विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी। उनका सर्वांगीण विकास होगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए सुविधा प्रदान करेंगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति वैश्विक मानकों के अनुरूप है। यह शिक्षा नीति नौकरी चाहने वाला की नहीं बल्कि नौकरी निर्माता बनाने वाली है। इस दीक्षारंभ कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य व प्रावधानों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराने के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित की गई। कार्यक्रम में एन.ई.पी. कोऑर्डिनेटर डॉ. हेमंत साव ने विद्यार्थियों को विषयों का चयन परीक्षा प्रणाली एवं प्रमोशन पॉलिसी के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के शंकाओं का समाधान भी किया। मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह के समक्ष महाविद्यालय के एंबेसडर छात्रा सुलोचना सिन्हा एवं एशिका वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में अपने अनुभव साझा किये। राष्ट्रीय शिक्षा नीति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रथम स्थान साक्षी वर्मा, द्वितीय स्थान मोहम्मद खान, तृतीय स्थान प्रगति वर्मा एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा शुक्ला, द्वितीय स्थान अनन्या स्वर्णकार एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रिंसी हरिहरनो को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

स्टाफ वर्ग से पोस्टर प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार श्रीमती रोहिणी समरिथ को प्रदान किया गया। एनएसएस प्रभारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं एनसीसी प्रभारी प्रो. लेखा प्रसाद उर्वशा द्वारा एनसीसी एवं एनएसएस के महत्व एवं उद्देश्य के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलू श्रीवास्तव एवं प्रो. वंदना मिश्रा द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. हेमंत साव ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं पूरा स्टॉफ उपस्थित थे।

कांग्रेसियों की राजनीतिक दुकान सनातन विरोध और हिन्दुत्व के प्रति घृणा से सजी पडी है - वर्मा

रायपुर (दावा)। प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा ने कांवड़ यात्रियों पर मुख्यमंत्री साय के हाथों हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा किए जाने पर कांग्रेसियों की टिप्पणी को सनातन विरोधी प्रलाप बताकर तीखा हमला बोला। प्रियंका के स्वागत में 2 किलोमीटर तक 6 हजार किलो गुलाब की पंखुड़ियों से सजाकर सामंती चरित्र का शर्मनाक प्रदर्शन करने वाले कांग्रेसियो को काँवर यात्रियों के पुष्पवर्षा से स्वागत और अभिनंदन पर पेट में रह-रहकर मरोड उठ रहा है!

भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा ने काँवर यात्रियों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा किए जाने पर कांग्रेसियों की टिप्पणी को सनातन विरोधी प्रलाप बताकर तीखा हमला बोला है। श्री भारती ने कहा कि दरअसल कांग्रेसियों की राजनीतिक दुकान सनातन विरोध और हिन्दुत्व के प्रप्रति घृणा से सजी पडी है और रह-रहकर अपनी इन दुकानों में बैठकर सनातन संस्कृति के खिलाफ विष-वमन करते रहना कांग्रेसियों की लत में शुमार हो गया है। श्री भारती ने कहा कि भूपेश सरकार के राज में इलाज के अभाव में प्रदेश के 39 हजार बच्चों की मौत से कलंकित कांग्रेस आज डायरिया के नाम पर घड़ियाली आँसू बहाकर ओछी राजनीति कर रही है, जबकि देश की भाजपा सरकार इस बीमारी के प्रसार पर अंकुश लगाने के तमाम उपायों पर पूरी संजीदगी और संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री भारती ने कहा कि सनातन के खिलाफ खुद को खडा बताने के लिए अब कांग्रेसी कार्ल मार्क्स के धर्म को अफीम बताए जाने तक को जस्टीफाई करने में जरा भी शर्म महसूस नहीं कर रहे हैं। इससे यह भी साफ हो गया है कि वामपंथियों के रचे चक्रव्यूह में फँसी कांग्रेस विचारों से पूरी तरह कंगाल हो चुकी है कि अब वामपंथ के उधार के विचारों की बैसाखी पर अपने राजनीतिक वजूद को बचाने के ये घृणित उपक्रम कांग्रेस की नियति हो चले हैं। श्री भारती ने कहा कि कभी प्रदेश की राजधानी में प्रियंका वाड्रा के स्वागत में 2 किलोमीटर तक की सड़क को 6 हजार किलोग्राम गुलाब के फूलों की पंखुड़ियों से कालीन की तरह सजाकर अपने सामंती चरित्र का शर्मनाक प्रदर्शन करने वाले कांग्रेसियो को आज काँवर यात्रियों का पुष्पवर्षा से स्वागत और अभिनंदन करने पर पेट में रह-रहकर मरोड़ उठ रहा है! यह पाखंड कांग्रेस के सनातन और हिंदुत्व विरोधी राजनीतिक चरित्र को बेनकाब करने के लिए पर्याप्त है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सनातन और हिंदुत्व को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करना ही कांग्रेस का डीएनए है। कांग्रेस कभी संसद में हिन्दुओं को हिंसक, नफरती और झूठा बताती है तो कभी सनातन संस्कृति को लेकर बेसिर-पैर की बातें करती रही है। प्रायः हर मौके पर पूरे देशभर में कांग्रेसियों ने अपनी राजनीतिक दुकानदारी चलाने के लिए हिन्दुत्व और सनातन संस्कृति के प्रप्रति केवल नफरत को बेचने का काम किया है। श्री वर्मा ने कहा कि न केवल कांग्रेस, बल्कि उसके नेतृत्व वाले इंडी ठगबंधन के सहयोगी दल भी यही कर रहे हैं।

पहला कॉलम...

पेंशनर्स एसोसिएशन में किया फेडरेशन की मांगों का समर्थन

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. के.एल टांडेकर ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के चारे सत्रीय मांगों का समर्थन करते हुए प्रथम चरण के आंदोलन आज 6 अगस्त को रायपुर में आयोजित मशाल रैली में सम्मलित होने का निर्णय लिया गया है। आज 6 अगस्त को रायपुर इंद्रावती भवन से मंत्रालय तक मशाल रैली दोपहर 1:30 बजे निकाली जा रही है पेंशनर्स एसोसिएन के प्रदेश अध्यक्ष सहित डी.एन साहू तथा महासचिव-संरक्षक जी.ए, के.पी.सिह सहित मूलित होकर आंदोलन को अपना समर्थन हुन्य साथी सम्मलित होकर अन्य पेंशनर्स साथियों से भी देंगे, अन्य अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सहयोग प्रदान करें।

हायर सेकेण्डरी द्वितीय अवसर परीक्षा 2024 अंतर्गत कक्षा 10वीं सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हायर सेकेण्डरी द्वितीय अवसर परीक्षा 2024 अंतर्गत आज कक्षा 10वीं सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कुल दर्ज संख्या 622 में से 587 परीक्षार्थी उपस्थित थे एवं 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।

जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल एवं दल द्वारा महरानी लक्ष्मी बाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव, महंत राजा बलराम दास शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय (स्टेट स्कूल) राजनांदगांव एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगांव का निरीक्षण किया गया। परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगांव एवं प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ श्रीमती वीरेन्द्र कौर गरचा द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगढ़ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिले में किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

हृदय राम वर्मा का निधन

घुमका (दावा)। स्थानीय घुमका निवासी श्री हृदय राम वर्मा का आकस्मिक निधन 5 अगस्त 2024 सोमवार को हो गया है। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री वर्मा का अंतिम संस्कार दोपहर में ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें ग्रामीणजन, पारिवारिकगण एवं इष्टमित्र उपस्थित थें।

विश्व आदिवासी दिवस इस बार गोड़वाना भवन में

राजनांदगांव (दावा)। सारे संसार के लिये निर्धारित विश्व आदिवासी दिवस जो हर वर्ष 09 अगस्त को पूरी दुनिया में धूमधाम से मनाया जाता है, को लेकर इस बार भी आदिवासी समाज में जोरदार उत्साह है और इस बार रामकृष्ण नगर, जी.ई. रोड स्थित गोड़वाना भवन में भव्य समारोह के आयोजन का निर्णय लिया गया है।

एक प्रेस बयान में जिला आदिवासी गोड़ समाज के अध्यक्ष आदिवासी नेता नीलकंठ गढ़े ने बताया कि पिछले दिनों इस संदर्भ में समाज के भवन में जिला आदिवासी गोड़ समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों से विचार-विमर्श के पश्चात् कार्यक्रम की रूपरेखा सभी के सलाह से तय किया गया, जिसके अन्तर्गत 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस समाज के भवन गोड़वाना भवन में रखने का निर्णय लिया गया तथा यह भी तय किया गया कि इस अवसर पर समाज की ओर से एक विशाल रैली निकाली जायेगी जिसका प्रभार युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नरेन्द्र मंडावी को सौंपी गई है। इसी प्रकार आने वाले प्रतिनिधियों के भोजन की व्यवस्था रमेश मंडावी व लीलाराम मंडावी को दी गई है। इसी तरह संतोष ठाकुर एवं करण नेताम को यातायात व्यवस्था का दायित्व दिया गया है, जबकि दलेश्वर कतलाम पंडाल व्यवस्था को देखेंगे।

श्री गढ़े ने आगे बताया कि इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का भी निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम की व्यवस्था पूनम तारम को दी गई है, साथ ही भव्य साज-सज्जा व आकर्षण के लिये परमानंद नेताम एवं दौलत सोरी को दायित्व सौंपा गया है। बैनर सहित अन्य व्यवस्थाओं की भी जिम्मेदारी अलग-अलग लोगों को बांटी गई है। कार्यक्रम में आदिवासी समाज की वेशभूषा में बच्चों का प्रदर्शन होगा तथा मनोरंजन हेतु आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। श्री गढ़े ने इस अवसर पर आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी से सहभागिता का आग्रह किया है।

डॉ. रमन सिंह के समक्ष प्रेरणा स्थल निर्माण की रखी गई मांग

राजनांदगांव (दावा)। दो दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव आये विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह से भाजयुमो जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी ने जनदर्शन के दौरान देश के महान चिंतक, कुशल संगठनकर्ता महामना पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर स्मृति स्मारक व विशालकाय प्रतिमा निर्माण करने की मांग की और बताया कि हमारे देश के महान चिंतक, कुशल संगठनकर्ता महामना पं. दीनदयाल उपाध्याय जिन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को समयानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद की विचारधारा दी व 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नारा बुलंद कर जनमानस में एकता के मूल मंत्र से राष्ट्जीवन का अलख जगाया। ऐसे महापुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर बूढ़ासागर के किनारे पड़े अमान्य व विफल मिनि वाटर फिल्टर प्लांट स्थल के स्थान पर विशालकाय प्रतिमा व प्रेरणा स्मारक परिसर का निर्माण किया जाए। जिससे बदलते भारत के युवाओं के मस्तिष्क मे राष्ट्र चेतना का भाव रेखांकित होगा। साथ ही निरर्थक व व्यर्थ पड़े भू-भाग के सदुपयोग से संस्कारधानी को एक प्रेरणादायी स्थल प्राप्त होगा।

एकात्म मानववाद के प्रणेता की स्मृति स्मारक से सुसज्जित हो बूढ़ा सागर किनारे स्थित व्यर्थ भूभाग- गोलू सूर्यवंशी

सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

मामला-बागनदी थाना क्षेत्र का

डोंगरगढ़ (दावा)। सड़क दुर्घटना में चालक की मौत हो गई है, पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। गुजरात राज्य के जिला पोरबंदर निवासी प्रार्थी छोटु खुंटी पिता रनमल खुंटी द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार घटना दिनांक 01.08.2024 के सुबह करीबन 4 बजे से 5 बजे के मध्य की है। घटना ग्राम चाबुकनाला एन.एच. 53 रोड पर घटित हुई। सूचना 1 अगस्त 2024 के 9:30 बजे दी गई। मृतक का नाम राणा भाई वाजसी कारावादरा पिता वाजसी कारावादरा उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम तुमडा बोखीरा, थाना उद्योग नगर जिला पोरबंदर राज्य गुजरात है। मौत का कारण रोड एक्सीडेंट बताया गया।

उपनिरी. राकेश पटेल थाना बागनदी द्वारा रिपोर्ट दर्ज की गई। प्रार्थी ने हमराह निलेश सालोमन के साथ थाना हाजिर आकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 31.07.2024 के रात्रि करीबन 08:00 बजे वाहन ट्रक क्रमांक जी जे-10-टीवी-5873, 14 चक्का को लेकर रायपुर से ट्रक चालक राणा भाई वाजसी कारावादरा व परिचालक सोरप जुमा खोल रवाना हुआ था। ट्रक को राणा भाई कारावादरा चला रहा था कि दिनांक 01.08.2024 को सुबह करीबन 08:00 बजे जरिये मोबाईल सूचना मिला कि ग्राम चाबुकनाला थाना बागनदी के पास एन.एच. 53 रोड में ट्रक क्रमांक जी जे-10-टीव्ही-5873, 14 चक्का का एक्सीडेंट सुबह करीबन 4 बजे से 5 बजे के मध्य हो गया है। जिसमें चालक राणा भाई वाजसी कारावादरा एवं परिचालक सोरप जुमा खोल की मृत्यु हो गया है। कि सूचक की सूचना पर मर्ग इंटीमेशन चाक कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया है।

आज मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षो से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1282 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री, मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 648 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है।

उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 109 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पात्र आवेदनों में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर आज 6 अगस्त दिन मंगलवार को दोपहर 3:30 बजे निगम टॉउनहाल सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से आवासहिन जरूरतमंद परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। दावा आपत्ति उपरांत पूर्व की सूची के 552 एवं वर्तमान दावा अपत्ति उपरांत 136 कुल 688 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत 35 आवेदकों को लॉटरी के माध्यम से कल 6 अगस्त को आवास का आबंटन किया जायेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं षेश राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली 2,74,044.00 रू. 258 यूनिट रेवाडीह, पेण्ड्री 2,91,027.00 रू. 870 यूनिट पेण्ड्री एवं मोहारा 2.80,115.00 रू. से सभी निर्माणाधीन आवास एक वर्ष में पूर्ण कर लिये जायेगे, हितग्राही आबंटन उपरांत अपने स्वयं के आवास को अपने आँखो के सामने बनते हुये देख सकते है। उन्होंने स्वयं के आवास का सपना साकार करने आवास योजना का लाभ लेने आवेदन करने की अपील की है।

कल रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में कल 7 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक रोजगार एस.व्ही.राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में महिन्द्रा ऑटो एचआर डिपार्टमेंट यशोदा नगर नीयर हनुमान मंदिर कानपुर उत्तर प्रदेश द्वारा असिस्टेंट मैनेजर, सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेली कॉलर एजेंसी स्टॉफ एवं टेक्नोटॉस्क बिजनेस साल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड टेड़ेसरा जिला राजनांदगांव द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट तथा सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदकों को अपने सभी शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

हरेली पर्व पर बिखरी चिला रोटी की महक, कृषि यंत्रों की हुई पूजा

० गांव-गली व शहरों में दिखा गेड़ी का रोमांच ० पौधरोपण सहित विविध आयोजनों के बीच मना हरेली का त्यौहार

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास की अमावस्या तिथि को पूरे अंचल भर में लोक पर्व हरेली त्यौहार की धूम रही। लोगों ने कृषि से संबंधित इस पर्व को धूमधाम से मनाया। बता दें कि इस बार रवि पुष्य योग के संयोग व शिववास के चलते हरेली का पर्व खास बना रहा। इससे गांव-देहात से लेकर शहर के गली-मुहल्लों में हरेली पर्व की छटा बिखरी रही। सुबह से ही राउत बंधु लोगों के घरों में उनकी सुखमयता की कामना से नीम की पत्तियाँ खोसने पहुंच गए और घर मालिको से दान-दक्षिणा प्राप्त किया।

किसान बंधु अपने कृषि उपकरणों को सुबह से धो-पोछ कर एक निश्चित स्थान पर रखकर उसका तिलक चन्दन करते हुए पूजा की और गुड तथा चांवल से बनी मीठी रोठी चिला चढ़ाया। कृषि उपकरणों सहित कुल देवता व ग्राम्य देवता में हूम-धूप देकर चढ़ाई गई चिला रोटी की महक चारो ओर बिखरी रही। कई घरों में हरेली त्यौहार पर सोहारी-बरा, रोटी सहित अन्य व्यंजन भी बनाए गए जिसका घर- परिवार के लोगों के साथ बैठकर आनंद लिया गया। शहरों में कई स्थानो में हरेली के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दिन सुबह से ही गेडियों की रूच-रूच की आवाज सुनाई देने लगी। बच्चे गेड़ी चढ़कर मजा लेते देखे गए। वही युवक गेड़ी दौड़ ठिक्की लगाने जैसे खेल में निमग्न रहे वही लड़किया पर्व की खुशी में फुगड़ी खेल-खेल कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कुछ मनचले नौजवानों ने नारियल फेक स्पर्धा में भी भाग लिए। शहर के लखोली नाका से गंज चौक तक हर साल की तरह इस बार भी नारियल फेक स्पर्धा आयोजित रही। कुछ लोग इस खेल में पैसों की बाजी भी लगाते है।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा. मा.क्र. 202408093700001
अ-6 अ वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार देवांगन आ. स्व. तुकाराम देवांगन एवं अन्य, निवासी-दीवानपारा, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला दीवानपारा, स्थित शीअ क्रमांक 48 ए, भूखण्ड क्रमांक 81/2, 82, क्षेत्रफल क्रमशः 134.00 वर्गमीटर, 6.00 वर्गमीटर जो धारक तुकाराम आ. लतेल देवांगन, निवासी-दीवानपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 28.08.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-4-6
488-0 179-7
राजधानी
0-3-5
360-9 100-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202408092100002
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण का सूचित किया जाता है आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक गंगाधर दागी पिता गिरधारी लाल दागी जाति राजपूत, निवासी हाउस नंबर 381, वार्ड नंबर 17. इति कालेज बगदाई पारा, शिवचोक मोतीपुर रोड अछोली, पोस्ट थाना व तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ.ग. (छ.ग.) के द्वारा बी. सूर्यप्रकाश राव पिता जगन्नाथ राव जाति तेलगू निवासी पटेल वार्ड नंबर 17 डोंगरगढ़ के स्वामित्व की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्थित शीट क्रमांक 2 भूखंड क्रमांक 1214/3 क्षेत्रफल 1533 वर्गफूट भूमि में से 1533 वर्गफूट भूमि को पंजीकृत उपपंजीयक डोंगरगढ़ के द्वारा दिनांक 22/7/2024 को क्रय किया हूं। उक्त भूमि को क्रय करने के बाद अपने नाम से प्रमाणिकरण (नामांतरण) किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र के साथ तलवाना, विक्रयपत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 28/08/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर, जिला कबीरधाम (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

अंतिम अधिसूचना

दिनांक :- 29-05-2024

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202211080200013 अ-82/2022-23 चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित नलकूप घोघरा व्यपवर्तन नहर निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक था। अतः नलकूप अर्जन, पुर्नवासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत घोषित किया जाता है इस नलकूप का उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यक है:-

अनुसूची

1. भूमि का वर्णन -
(क) जिला - जिला कबीरधाम
(ख) तहसील - बोड़ला
(ग) ग्राम/नगर - मड़मड़ा
(घ) लगभग क्षेत्रफल - 0.101 हे. में स्थित 1 नलकूप प्रभावित

खसरा नंबर	रकबा (हेक्टेयर में)
514/1	0.101 हे. में स्थित 1 नलकूप प्रभावित
योग :- 01	1 नलकूप प्रभावित

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. प्रस्तावित नलकूप अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार.
कलेक्टर
जिला- कबीरधाम एवं पदेन उप सचिव,
छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-242501618/1

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 2 खेलों में
समय : 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
धर्मा प्राडक्शन कृत
किल KILL
(THIS JOURNEY IS ONE WAY)
कलाकार - राघव जुयाल, तान्या मनिक ताल, लक्ष्य अदिर सिंह, आशीष विद्यार्थी आदि।
रोजाना 2 खेल, 12 एवं 3 बजे
हण्डा

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
02nd Aug to 08th Aug 2024
silver SCREEN

Auron Mein Kahan Dum Tha - 12:30, 03:00, 06:00, 06:15 and 09:00 pm
Deadpool & Wolverine 2D - 03:30 & 09:30 pm
Ulajh - 12:15, 06:30 & 09:15 pm
Handa (C.G)- 12:00 & 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

आहार की कुपोषणता से शरीर खराब होता है लेकिन संस्कार की कुपोषणता से देश व समाज खराब होता है- पं. प्रदीप मिश्रा

राजनांदगांव (दावा)। गौरव पथ रोड स्थित पद्मश्री आडिटोरियम में पिछले 4 दिनों से हो रहे श्री शिवमहापुराण कथा के संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने सोमवार की कथा में कहा कि जो आहार हम खाते हैं उसमे यदि कुपोषणता रही तो उससे सिर्फ शरीर खराब होता है लेकिन संस्कार विहिनता होने व इसकी कुपोषणता से देश प्रदेश व समाज खराब होता है।

महराज जी ने बताया कि बच्चों को धन-दौलत दें दो, घर, मकान, मोटर, कार सभी दे दो लेकिन संस्कार नहीं दिया तो आपने कुछ नहीं दिया। ये सभी चीजों कुछ ही दिन चल पाएगा। इन चीजों की कुछ दिनों की ही गारंटी है लेकिन शिव पुराण कहता है कि सुपोषित संस्कार व अच्छे कर्मो के फल की जीवन भर तक की गारंटी रहती। यह न केवल जीवन भर चलेगा, उसके आगे भी चलता है।

- अच्छे कर्म की गारंटी जीवन भर व इसके आगे तक रहती है
- आज श्री शिवमहापुराण कथा का होगा? समापन, भक्तों की उमड़ेगी भीड़

महाराज जी ने डरने व डटे रहने की बात बताई व कहा कि ग़लत काम से डरे लेकिन भगवान शंकर पर एक लोटा जल चढ़ाने के लिए डटे रहे। थोड़ी मेहनत हाथ की, बाकी कृपा भोलेनाथ की, कहते हुए पंडित जी ने बताया कि डर से जीने के लिए सभी डराते हैं। सांस को बहु के प्रति भाई को भाई से बाप को बेटे से डराने वाले लोग रहते हैं लेकिन डटे रहने से दुनिया का सामर्थ्य नहीं कि आपको हटा दें।

महराज जी ने शहर की नीलिमा तिवारी की कैंसर से जूझ रही माता कुसुम तिवारी, सुभद्रा साहू के बेटे की नौकरी आदि के संबंध में पत्रों का वाचन भी किया और बताया कि कैसे इन लोगों पर भगवान शिव की कृपा बरसी और ये लोग भगवान शिव की भक्ति कर ठीक हो गये और भगवान शिव में रोजाना एक लोटा जल चढ़ाकर शानदार नौकरी भी पा गए।

पं. मिश्रा जी ने संस्कारधानी नगरी में श्रावण मास में हो रही श्री शिव महापुराण कथा के संबंध में बताया कि शिव भक्त दिनेश साहू ने मुझसे आ कर कहा कि महराज जी जब आपको तीन कथा छत्तीसगढ़ में कहने की है तो यही करिये, जबकि यह कथा झारखंड में होनी थी। नहीं गुरु जी छत्तीसगढ़ में यह होनी है कहकर वे डटे रहे और यहां मधुसूदन यादव के साथ मिलकर यह कथा करा दी। कथा श्रवण के लिए यजमान के रूप में मधुसूदन यादव, संतोष पिल्ले, चंद्रशेखर पिल्ले, श्रीमती पूर्णिमा पिल्ले, परमेश्वर सिन्हा श्रीमती आशा सिन्हा, रामगोपाल खंडेलवाल, अमित खंडेलवाल आदि शिव भक्त रोजाना उपस्थित रहे। महराज जी ने श्रावण मास में यहां पांच दिनों तक श्री महाशिवपुराण की कथा होना संस्कार धानी वासियों के लिए सौभाग्य की बात कहा। महराज जी ने बताया कि आज मंगलवार को श्री शिवमहापुराण की कथा सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी और 12 बजे तक चलेगी।

यह श्री शिव महापुराण कथा का समापन का दिन होगा। कथा सुनने के लिए रोज की तरह भक्तों की भारी भीड़ रही। बता दें के यह कथा एक सप्ताह तक होने वाली थी लेकिन पांच दिनों में ही कथा समाप्त होने से भक्तों में निराशा देखी जा रही है। अगली कथा 12 से 16 अगस्त तक नया रायपुर में होने वाली है। महराज जी ने पुनः वहां अपने शिव भक्तों से मिलने की बात कही है।

पुराना ढाबा वार्ड से निकली महाकाल पालकी यात्रा से डॉ. रमन सिंह ने किया डमरु निनाद

मधुसूदन यादव के झांझ की झंकार से गुंजायमान हुआ माहौल

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास की तीसरे सोमवार को बाबा महाकाल के भक्तों ने इस बार ढाबा वार्ड से मंदिर में पूजन अर्चन कर श्री चन्द्र मौलेश्वर बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली। पटरी पार क्षेत्र में श्रावण सोमवार को निकाली गई भव्य महाकाल यात्रा में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक व छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह शामिल हुए और डमरु बजाकर सभी शिवभक्तों को आनंदित किया वहीं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने झांझ बजाकर माहौल को गुंजायमान किया। भगवान श्री चंद्र मौलेश्वर बाबा महाकाल पालकी यात्रा में पुराना ढाबा, शांति नगर, चिखली व स्टेशन पारा सहित गौरीनगर के बड़ी संख्या में उपस्थित रहवासी पूरे भक्ति भाव से शामिल रहे और बाजे-गाजे की थाप पर जमकर नाचते-झूमते बाबा महाकाल के प्रति अपनी श्रद्धा-भक्ति का प्रदर्शन किया। पालकी यात्रा में जसगायक अभ्यास यादव के भजनों से भी लोग झूमते रहे।

श्री चन्द्र मौलेश्वर बाबा महाकाल की पालकी यात्रा जब चिखली चौक पहुंची तो महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने अपने परिवार वालों के साथ बाबा महाकाल की पालकी स्वागत करते हुए पूरे भक्ति-भाव के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान पालकी यात्रा में शामिल महाकाल यात्रियों का भी वहां स्वल्पाहार से स्वागत किया गया। बाबा महाकाल की पालकी को कांधा देने महाकाल भक्त नीलू शर्मा, मानव देशमुख, पवन डागा, राजू डागा, मनीष खंडेलवाल राजा माखीजा, संजय भाई श्री हरिहारणो आदि सहित बड़ी संख्या में महाकाल भक्तों की उपस्थिति रही। पालकी यात्रा में नृत्य करते कलाकार अघोरी व शिवगणों की वेशभूषा में आकर्षण के केन्द्र बने रहे। बाबा चन्द्र मौलेश्वर महाकाल की पगड़ी यात्रा आगे बढ़ी तो स्टेशन पारा तिगडडे पर भी लोगों ने बाबा की पालकी के दर्शन किए और आरती पूजा-अर्चना कर बाबा महाकाल को श्रद्धा से सिर नवाया। पालकी यात्रा में राउत नाचा व पंथी नृत्य भी लोगों को आकर्षित किया।

स्टेशन पारा रोड में बाबा की पालकी यात्रा पहुंचने पर लोगों ने जहां बाबा महाकाल की पूजा आरती की वहीं महाकाल यात्रियों की भी जगह-जगह स्टॉल लगा कर स्वागत सत्कार किया गया। प्रिंटिंग प्रेस वाले शर्मा परिवार द्वारा बाबा की पालकी की आरती पूजा की गई व महाकाल यात्रियों में प्रसादी वितरण कर उनका स्वागत किया गया। इस रोड में जगह-जगह बाबा जी की पालकी व महाकाल यात्रियों का स्वागत करने लोगों की भीड़ रही। गौरी नगर तिराहे के समीप पहुंचने पर बाबा महाकाल की पालकी का भव्य स्वागत करने खड़े कांग्रेसी नेता शाहिद भाई के नेतृत्व में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रमेश राठौर, भावेश अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसीजन व बाबा महाकाल के भक्त उमड़े रहे। यहां से बाबा जी की पालकी यात्रा आगे बढ़ी तो गौरीनगर में पालकी यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों शिवभक्तों की उपस्थिति बनी रही।

पशुधन विकास संगठनों ने उपसंचालक चटर्जी को हटाने की विधानसभा अध्यक्ष से की मांग

राजनांदगांव (दावा)। पशुधन विकास विभाग के अधिकारी संगठनों ने प्रभारी उपसंचालक डॉ. अनूप चटर्जी को पद से हटाने के लिए आज डॉ. रमन सिंह से भेंटकर पत्र दिया गया, जिसमें संघ के अध्यक्ष यूके फंदियाल एवं साथी उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि उपसंचालक को कई बार संघ के माध्यम से अधिकारियों को हो रही परेशानी के बारे में बताया गया, लेकिन उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई एवं समस्याओं के बारे में अत्यंत उदासीन रवैय्या रखा गया, जैसे समय पर मासिक वेतन नहीं देना, समय पर महंगाई भत्ता ना प्रदान करना, चिकित्सा बिल रोकना, सातवें वेतनमान की किस जारी न करना, उच्चतम कार्यालय के आदेशों का स्पष्ट रूप से उल्लंघन करना, पूर्व में दिए गए शासन से मान्यता प्राप्त संगठन के पत्रों को कोई महत्व नहीं देने एवं बार-बार स्मरण दिलाने पर भी किसी भी कार्य को न होने देना, सेवानिवृत्त साथियों के स्वतत्वों के देयकों को अनावश्यक रोक के सेवा निवृत्तों को परेशान करना इत्यादि ऐसे ही अनेक कारणों से अधिकारियों में काफी रोष व्याप्त हैं। हताश अधिकारियों ने अंततः आज विधानसभा कार्यालय में डॉ. रमन सिंह को पत्र दिया गया, और इसमें कहा गया कि डॉ. अनूप चटर्जी प्रभारी उपसंचालक को हटाकर किसी योग्य उपसंचालक की पदस्थापना राजनांदगांव में किया जाए, जिससे विभाग के अधिकारी बिना किसी तनाव के राजनांदगांव की जनता को अपनी सेवाएं प्रदाय कर सकें।

स्टेट स्कूल मैदान को बचाने खिलाड़ियों ने विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से भेंटकर सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। क्रिकेट खिलाड़ी शशांक सोनी ने बताया की शहर के मध्य स्टेट स्कूल ग्राउंड है जहां लगातार शासन प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रकार की अनेक कार्यक्रम के लिये आयोजको को परमिशन दिया जाता है आयोजन मैदान के बीचो बीच किया जाता है आयोजन के समय खेलना कूदना बंद हो जाता है जिससे राजनांदगाँव के खिलाड़ियों को कठनाइयों का सामना करना पड़ता है।

स्टेट स्कूल मैदान मुरूम और गिट्टी डालने से मैदान अपना वास्तविक स्वरूप खोते जा रहा है आयोजनों के कारण लगभग 200 खिलाड़ियों का जीवन प्रभावित होता है, मीना बाज़ार, उत्सव मेला, हेंडीक्राफ्ट मेला सहित अनेक प्रकार के राजनीतिक एवं गैर राजनीतिक आयोजन स्टेट स्कूल मैदान में होते है आयोजनों के कारण मैदान को क्षति पहुंचती है खेल को बंद करना पड़ता है जिससे सैकडों खिलाड़ियो को शारीरिक और मानसिक क्षति पहुंचती है खेल बंद होने से युवा नशे के क्षेत्र में कदम बढ़ाने पर मजबूर हो जाते है

खिलाड़ी निजार हुड़ा ने कहा की राजनांदगाँव में परंपरा अनुसार प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम दिग्विजय स्टेडियम में किया जाता था लेकिन पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम स्टेट स्कूल ग्राउंड में किया गया था जहां ग्राउंड में मुरम और गिट्टी बिछा दिया था जिससे मैदान खराब हो गया था बाद में खिलाड़ियों द्वारा स्वयं के खर्चे से मुरम और गिट्टी को मैदान से हटाकर मैदान साफ़ करवाना पड़ा था, मुरम की मात्रा इतनी ज़्यादा थी की आज दिनांक तक अच्छे से साफ़ नहीं हो पाया है राजनांदगाँव में आयोजन के लिए बहुत सारे मैदान है दिग्विजय स्टेडियम, पीटीएस मैदान, प्यारेलाल स्कूल, साइंस कॉलेज मैदान, कमला कॉलेज मैदान, सहित विभिन्न स्थान है जो हमेशा खाली रहता है शासन से आग्रह की कुछ आयोजनों को इन स्थानों पर भी किया जायेउक्त मुलाक़ात के दौरान मुख्यरूप से शशांक सोनी, निजार हुड्डा, शुभम् शुक्ला, अंकित भीमटे, विकास सागर, स्वर्णिम राजपुत, चित्रेश पाल, निखिल पाल, सलीम खान, एम डी रजा, जैद खान, यश रामटेके सहित विभिन्न खिलाड़ी उपस्थित थे।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट के दक्ष एवं अमल चौबे ने शतरंज प्रतियोगिता में मारी बाजी

राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल में स्थित रॉयल किड्स कान्वेंट के होनहार छात्र दक्ष एवं अमल चौबे ने छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सब जूनियर चेस कांपीटीशन जो भिलाई में 1 अगस्त से 4 अगस्त तक आयोजित हुई। इस लोकप्रिय शह और मात के खेल में सक्रियता पूर्वक भाग लेकर अंडर 9 व अंडर 11 में अपने-अपने ग्रुप में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त कर परिवार, शाला व शहर का नाम रोशन किया। शतरंज के अलावा हॉकी में भी इन बच्चों का हमेशा ही श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉ.सविता जे.बी.सिंह, निर्देशक संजय बहादुर सिंह, अशोक चौधरी, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई.के. वैष्णव, उपप्राचार्य, एक्टिविटी कल्चरल इंचार्ज, एच.एम, कोऑर्डिनेटर एवं सभी शिक्षकों ने अमल दक्ष और अमल की इस उपलब्धि पर आशीर्वाद दिया व शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

पुलिस ने जुआ खेल रहे 11 जुआरियों को दबोचा : 11 हजार एवं मोबाइल सहित एक्टिवा जब्त

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में 52 पत्ते तास से जुंआ खेल रहे आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुंआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) तहत कार्यवाही करते हुए उनके पास से 11060 रूपये नगदी एवं 52 पत्ती ताश तथा 14 नग विभिन्न कम्पनियों का मोबाइल एवं घटना स्थल से एक सफेद रंग की एक्टीवा क्रमांक सीजी08-एई-7211 को जब्त किया गया। पकड़े गए आरोपियों के नाम विनोद सिन्हा पिता मनु लाल सिन्हा उम्र 38 साल निवासी बसंतपुर, राहुल मरकाम पिता शंकर मरकाम उम्र 21 वर्ष निवासी बसंतपुर, युवराज मरकाम पिता रामराज मरकाम उम्र 20 वर्ष, निवासी बसंतपुर, इमरान खान पिता अजहर खान उम्र 23 वर्ष निवासी कुंआ चौक, किशोर सिन्हा पिता घनश्याम सिन्हा उम्र 24 वर्ष निवासी लखोली संतोषी नगर व मातादीन गुप्ता ऊफ गोलू गुप्ता पिता स्व. मोहन लाल गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी नंदई कुंआ चौक तथा दीपक मानिकपुरी पिता संतनदास मानिकपुरी उम्र 23 वर्ष निवासी बर्फ फैक्ट्री के पीछे कुआं चौक थाना, किशन साहू पिता स्व.आनंद साहू उम्र 25 वर्ष साकिन हाटबाजार कुंआ चौक, बॉबी गुप्ता पिता लक्ष्मी नारायण् गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी नंदई कुंआ चौक, खेमंत गोयल पिता कौशल गोयल उम्र 39 वर्ष निवासी कुंआ चौक नंदई, निशांत बोरकर पिता अनिल बोरकर उम्र 25 निवासी शिव नगर वार्ड नं. 43 थाना बसंतपुर को गिरफ्तार किया गया है।

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ, सटटा पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा थाना बसंतपुर स्टाफ के मुखबीर की सुचना के आधार पर रेड कार्यवाही कर गंज चौक समीप हाटबाजार, एबीस मटन मार्केट के पीछे नाला किनारे स्ट्रीट लाईट के नीचे रोशनी में 18 लोग को 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया एवं उनके पास से 11060 रूपये नगदी एवं 52 पत्ती ताश, 14 नग विभिन्न कम्पनियों का मोबाइल एवं घटना स्थल से एक सफेद रंग की एक्टीवा क्रमांक सीजी 08 ए ई 7211 को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 14 डॉक्टर मिलना बड़ी उपलब्धि - राजेंद्र गोलछा

राजनांदगांव (दावा)। भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव जो डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते 2014 में खुला है। वहां राज्य में 5 साल के कांग्रेस शासन काल में डॉक्टरों की भारी कमी हो गई थी। अब इस कमी को विधानसभा अध्यक्ष रहते क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने पूरी की है। उनके सतत प्रयासों से मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 14 एमबीबीएस डॉक्टरों की सौगात मिल गई है।

जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदेश के इस बड़े सरकारी अस्पताल के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे न सिर्फ राजनांदगांव अपितु बालोद दुर्ग चौकी मोहला मानपुर खैरागढ़ छुई खदान गंडई और सीमावर्ती महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के भी मरीज लाभान्वित हो सकेंगे।

डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरीज और उनके परिजनों को कांग्रेस शासन के इतने वर्षों में प्राइवेट अस्पतालों की तरफ रुख करने की मजबूरी हो गई थी। इससे उन्हें बड़ी परेशानी और धन हानि हुई है। डॉ. रमन सिंह द्वारा मेडिकल कॉलेज को विशिष्ट मशीनरी संसाधन उपलब्ध कराए जाने का सतत प्रयास जारी है इससे जनता को और ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी।

श्री गोलछा ने आगे कहा जिले के मेडिकल कॉलेज को 14 नए एमबीबीएस डॉक्टर मिले हैं। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार की उम्मीद है। इस उपलब्धि का श्रेय राजनांदगांव के यशस्वी विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को दिया जा रहा है।

डॉ. रमन सिंह के प्रति जताया आभार

उन्होंने ने कहां कि डॉ. रमन सिंह के कथक प्रयासों और नेतृत्व की सराहना की है। उनके अथक प्रयासों और सक्रिय भूमिका के कारण ही यह संभव हो पाया है कि मेडिकल कॉलेज में नए डॉक्टरों की नियुक्ति हो सकी है। इन नए डॉक्टरों के आने से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। राजनांदगांव के लिए गर्व की बात है।श्री गोलछा ने राजनांदगांव में मेडिकल कालेज को 14 एमबीबीएस डाक्टर्स मिलने पर पुनः राजनांदगांव के यशस्वी विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

नेहा अवस्थी ने चिवनिंग स्कॉलरशिप पाकर शहर का नाम किया रौशन

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी के नाम को दिल्ली से लेकर नेपाल और इंग्लैंड तक में पहुंचाने वाली शहर की बेटी नेहा अवस्थी ने उपलब्धियों की लंबी सूची तैयार कर दिखाई है। अपनी बोर्ड परीक्षा सफलता के बाद आर्किटेक्ट में इंजीनियरिंग कर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। रामगढ़ के खंडहरों पर शोध कार्य कर उन्होंने अपने अध्ययन को सार्थक कर दिखाया। नीति आयोग में सेवाएं देते हुए उन्होंने अनेक प्रोजेक्ट में सकारात्मक भूमिका निभाई। चिवनिंग स्कॉलरशिप प्राप्त कर उन्होंने देश में राजनांदगांव का परचम लहराया।

नगर के प्रतिष्ठित अवस्थी परिवार की बेटी नेहा अवस्थी स्व.सुरेंद्रनाथ-शोभा अवस्थी की सुपौत्री एवं संजीव-ममता अवस्थी की पुत्री हैं। नेहा अवस्थी ने अपना अध्ययन पूरा करने के बाद सन 2021 में नीति आयोग में सेवाएं देना शुरू किया। हमसे चर्चा के दौरान नेहा ने बताया कि नीति आयोग में रहते हुए नेपाल में हिमालय की तबाही को बचाने के लिए 8 देशों के प्रतिनिधियों के साथ काम किया। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि उस दल में नेहा भी थी, जिसने भारतवर्ष का प्रतिनिधित्व किया। नीति आयोग में रहते हुए ही नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स में मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग अर्बन अफेयर्स के अंतर्गत दिल्ली के मास्टर प्लान के लिए पांच वर्षों तक काम किया। मास्टर प्लान का उक्त कार्य अभी प्रगति पर है जो 2041 तक चलेगा। इसी तरह उत्तर प्रदेश के 100 पिछड़े शहरों की नई बसाहट एवं साज-सज्जा के लिए 'एक्सपेरिमेंटल सिटीज प्रोग्राम' की 100 करोड़ के बजट वाली स्कीम में भी भूमिका निभाई।

नीति आयोग में भी किया गौरवान्वित करने वाला काम ...

अभी जुलाई के अंतिम सप्ताह में उन्होंने अपने एक बड़े लक्ष्य को साधने के बाद घर लौटने पर हमसे मुलाकात की। उन्होंने यू के सरकार की 'चिवनीग स्कॉलरशिप' को हासिल कर इंग्लैंड में एक वर्ष तक 'पब्लिक पॉलिसी' में मास्टर डिग्री प्राप्त की । सभी विषयों में एक्सीलेंट प्रदर्शन के साथ नेहा ने अपनी स्कूल की पढ़ाई को सार्थक कर दिखाया। नेहा ने चर्चा के दौरान बताया कि यू के सरकार की इस स्कॉलरशिप को पाने के लिए 192 देश के लोग आवेदन करते आ रहे हैं । भारतवर्ष से 44 लोग इंग्लैंड गए थे, जिसमें अर्बन प्लानिंग क्षेत्र से नेहा अकेली थी । यू के सरकार पिछले 40 वर्षों से स्कॉलरशिप देती आ रही है। इसमें पढ़ाई से लेकर खाने-पीने, रहने के साथ आने-जाने का मिलाकर 90 लाख से 1 करोड़ तक की स्कॉलरशिप दी जाती है। इंग्लैंड में अध्ययन पूरा करने के उपरांत डिग्री सेरेमनी में 'वोट ऑफ थैंक्स' के लिए उन्हें मिले अवसर को वे अपने जीवन का स्वर्णिम पल मानती हैं। पूरे विश्व से चुने हुए लोग ही इसके पात्र हो पाते हैं। नेहा का कहना है कि उनकी उपलब्धि में माता-पिता का विशेष योगदान रहा है। उन्हें हमेशा परिजनों से 'मोटिवेशन' मिलता रहा है। विवाह के बाद उनके पति एवं ससुराल पक्ष का योगदान भी सराहनीय रहा है।

कांवड़ यात्रियों के लिए दुकानों पर नेम प्लेट लगना समय की मांग है -खूबचंद पारख

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने आज अपने वक्तव्य में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर खान पान के दुकानों पर नेम प्लेट लगाना अनिवार्य करना चाहिए। श्री पारख ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी कावर यात्रा पूरी भक्ति भाव के साथ अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंच चुकी है, सावन के पावन महीने में भोले बाबा के भक्त कावड़ यात्रा के माध्यम से एक लंबा सफर तय करते हैं, इस दौरान साधक उपवास में या फिर नियम में संतुलित शुद्ध सात्विक खानपान करते हैं और इसलिए स्वच्छ खानपान की चिंता उन्हें लगातार बनी रहती है, इसलिए छत्तीसगढ़ में भी खान-पान से जुड़े होटल कैफे वालों को दुकान के बाहर नेम प्लेट लगाने की अनिवार्यता सरकार को करनी चाहिए, उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले के बाद कोर्ट के आदेश की आड़ में कांग्रेस और उसके समर्थक इसका विरोध कर रहे है, परंतु यह कांग्रेस की दोहरी मानसिकता का परिचायक है। यह अधिनियम कांग्रेस एवं यूपीए से जुड़े घटक दलों ने इसे कानून के रूप में 2006 में पूरे देश के लिए पारित किया था।

खूबचंद पारख ने कहा कि यूपीए सरकार ने 2006 में अधिनियम पारित किया था कि खानपान की दुकानों में फूड लाइसेंस ऐसी जगह पर लगाया जाए जहां पर मलिक का नाम स्पष्ट रूप से देखा जा सके, अगर ऐसा नहीं किया गया तो 2 से 10 लाख रुपए तक का जुर्माने का प्रावधान तत्कालीन यूपीए सरकार ने किया था।

श्री पारख ने कहा कि आज डिजिटल इंडिया का युग है, ऐसे समय में सभी को अपने अधिकार और कर्तव्य की जानकारी हो जाती है और अब तो सोशल मीडिया में लाखों लोग इसकी मांग कर रहे हैं और तो और कई प्रबुद्ध मुस्लिम बुद्धिजीवी भी कह रहे हैं कि जैसे हज करने वाले मुसलमानों के लिए हलाल वाला खाना जरूरी है वैसे ही सावन के कावड़ियों के लिए भी शुद्ध सात्विक भोजन अनिवार्य है, इसलिए इस नियम को पूरे देश में लागू करना चाहिए,और जहां पर धार्मिक क्षेत्र हैं वहां इसे अनिवार्य रूप से लागू करना चाहिए, ताकि किसी का धर्म भ्रष्ट न हो।

डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 31 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार हेतु इच्छुक एवं पात्र कृषक कार्यालय उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजनांदगांव में निर्धारित तिथि तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय एवं वेबसाईट www.agriportal.cg.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। पुरस्कार वितरण राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2024 के अवसर पर किया जाएगा।

जैन समाज को भी होगा लाभ

श्री पारख ने कहा कि जैन समाज भी त्याग तपस्या और संयमित खान-पान का पक्षधर रहा है, इसलिए जैन समाज के बंधु जब कहीं बाहर जाते हैं तो यह समस्या उनके लिए बहुत बड़ा चिंता का विषय होती है। अगर यह नियम पूरे देश में लागू होता है तो इसका लाभ जैन समाज के साधकों को भी होगा।

अनमोल दावा

आप जीवन से कुछ नहीं सीखते है यदि आपको लगता है कि आप हर समय सही है ?

हादसों के लिए जिम्मेदार कौनः समय रहते गौर किया गया होता तो टाली जा सकती थी कोचिंग में बच्चों की मौत

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की नीतियों की सख्त आलोचना की और कहा कि आप बहुमंजिला इमारतों की मंजूरी दे रहे हैं, लेकिन नाली की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जब चेवड़ी बांटने की संस्कृतिज् के कारण कर संग्रह नहीं होता है तब ऐसी त्रासदियां होना स्वाभाविक है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जब हादसे की पृष्ठभूमि बन रही होती है, तब सरकारी महकमे नींद में खोए रहते हैं या फिर किसी परोक्ष कारण से उसे नजरअंदाज करते रहते हैं और जब कोई बड़ी त्रासद घटना हो जाती है तब वे जरूरत से ज्यादा सक्रिय दिखते हैं। अफसोसनाक यह भी है कि जो इमारतें अपनी बुनियाद में ही हादसे की जमीन साथ लिए होती हैं, उनके निर्माण के समय या फिर बाद में उनमें नियम-कायदों को ताक पर रख कर संचालित गतिविधियों की इजाजत दी जाती है और जब वहां हुए हादसे में जानमाल के नुकसान का मामला तूल पकड़ लेता है तब आनन-फानन में दिशाहीन कार्रवाई करने का दिखावा किया जाता है।

यह एक तरह से गलत तरीके से या लेनदेन आधारित लाभ पहुंचाने की अघोषित व्यवस्था है, जिसके नतीजे में कोई त्रासदी सामने आती है! राजधानी दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बरसात का पानी भर जाने की वजह से भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षाओं की तैयारी करने वाले तीन विद्यार्थियों की मौत की घटना इसी का उदाहरण है। इस मसले पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की नीतियों की सख्त आलोचना की और कहा कि आप बहुमंजिला इमारतों की मंजूरी दे रहे हैं, लेकिन नाली की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जब चेवड़ी बांटने की संस्कृतिज् के कारण कर संग्रह नहीं होता है तब ऐसी त्रासदियां होना स्वाभाविक है। जाहिर है, अदालत ने एक तरह से समस्या के कुछ बुनियादी कारणों की बात की, जिन पर अगर समय रहते गौर किया गया होता तो शायद हादसे की नौबत नहीं आती और न विद्यार्थियों की जान जाती। यह छिपा नहीं है कि जब इमारतें बन रही होती हैं, तब उसमें नियम-कायदों को ताक पर रख कर भी अपनी सुविधा के मुताबिक निर्माण करा लिया जाता है। इस बात की फिक्र नहीं की जाती है कि यही लापरवाही भविष्य में किसी बड़ी त्रासदी की वजह बन सकती है। इसमें सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारियों की भी मिलीभगत या अनदेखी होती है, जो ऐसे निर्माणों को रोकते नहीं या फिर कई बार नियमों के विरुद्ध इजाजत दे देते हैं।

हैरानी की बात यह है कि जब इन वजहों से कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है और उस पर जनआक्रोश उभर जाता है, तब पूरी तेजी से कार्रवाई होती देखी जाती है। इस क्रम में कई बार दिखावे की कार्रवाई करके असली जिम्मेदार लोगों को एक तरह से बचाने की कोशिश की जाती है। राजेंद्र नगर के बेसमेंट में हुए हादसे के बाद वहां सामने की सड़क से गुजरते एक वाहन चालक को बिना देरी किए गिरफ्तार किया गया, मगर उन अधिकारियों के खिलाफ इतनी ही तेज कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा गया, जिनकी अनदेखी, लापरवाही या फिर इजाजत से बेसमेंट में पुस्तकालय चल रहा था। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस पहलू पर भी सवाल उठाया है। अब दिल्ली सरकार की ओर से यह कहा गया है कि राजधानी में संचालित कोचिंग केंद्रों को नियंत्रित करने के लिए कानून लाया जाएगा। उपराज्यपाल ने भी शहर में कोचिंग सेंटरों को विनियमित करने के लिए एक समिति बनाने की घोषणा की। सवाल है कि अब तक कोचिंग सेंटरों की गतिविधियों को किस आधार पर सुरक्षा संबंधी जरूरी उपायों पर अमल करने की बाध्यता से बख्शा गया था और सरकारों की नींद किसी बड़ी त्रासदी के बाद ही क्यों खुलती है!

क्रीमी लेयर क्या है, एससी-एसटी आरक्षण में इसे लागू करने पर क्या होगा असर?

आशय येडगे

सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त 2024 को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण बारे में ऐतिहासिक फ़ैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार इन समुदायों के आरक्षण सीमा के भीतर अलग से वर्गीकरण कर सकती है.

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की सात जजों की बेंच के छह न्यायाधीशों ने एससी-एसटी आरक्षण में उप-वर्गीकरण के पक्ष में फ़ैसला सुनाया, जबकि एक न्यायाधीश ने इसका विरोध किया.

फ़ैसला सुनाते समय यह सिफ़ारिश भी की गई कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान होना चाहिए और यह अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी वर्ग पर लागू क्रीमी लेयर के प्रावधान से अलग होना चाहिए. इस फ़ैसले को लेकर कई पहलुओं की तरफ़ लोगों का ध्यान गया है कि क्या अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर देने की जरूरत है?

यह प्रावधान ओबीसी वर्ग में क्रीमी लेयर से कैसे अलग हो सकता है? क्रीमी लेयर के पक्ष और विपक्ष में लोगों के क्या तर्क हैं?

अनुसूचित जनजाति में क्रीमी लेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के चार न्यायाधीशों ने अपनी राय दी. क्रीमी लेयर से मतलब उस वर्ग से है जो आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रगति कर चुका है. इस श्रेणी में आने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलता है. वर्तमान में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर की सीमा लागू है. साथ ही, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के संबंध में पदोन्नति में क्रीमी लेयर का सिद्धांत लागू किया गया है. संविधान पीठ के सदस्य बीआर गवई ने इस बारे में कहा, सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग की तरह अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए क्रीमी लेयर लागू करने के लिए कुछ मानदंड तय करने चाहिए. ओबीसी और अनुसूचित जनजाति के लिए मानदंड अलग-अलग हो सकते हैं.

उन्होंने कहा कि संविधान में दिए गए समानता के सिद्धांत को स्थापित करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण हो सकता है. लेकिन क्रीमी लेयर के मानदंड क्या होंगे, इस पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की.जस्टिस पंकज मित्तल ने एक मानदंड का उल्लेख किया जिसका उपयोग अनुसूचित जनजातियों के बीच क्रीमी लेयर का निर्धारण करते समय किया जा सकता है. उन्होंने कहा, अगर एक छात्र सेंट स्टीफंस या किसी अन्य शहरी कॉलेज में पढ़ रहा है और एक छात्र ग्रामीण इलाके के स्कूल या कॉलेज में पढ़ रहा है, तो इन दोनों छात्रों को एकसमान नहीं माना जा सकता है. अगर एक पीढ़ी आरक्षण का लाभ लेकर आगे बढ़ी है तो अगली पीढ़ी को आरक्षण नहीं मिलना चाहिए.जस्टिस विक्रम नाथ ने भी कहा, अन्य पिछड़े वर्गों की तरह, क्रीमी लेयर का प्रावधान अनुसूचित जाति और जनजाति पर भी लागू होना चाहिए लेकिन मानदंड अलग होने चाहिए.

वहीं जस्टिस सतीशचंद्र शर्मा ने कहा कि एससी/एसटी समुदायों के लिए क्रीमी लेयर निर्धारित करने के लिए एक संवैधानिक आदेश की आवश्यकता है.

निःसंदेह, ये केवल न्यायाधीशों की टिप्पणियाँ थीं, इसलिए ये भविष्य में तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होंगी, लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट के सामने क्रीमी लेयर का मुद्दा नहीं था.लेकिन सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने इस मुद्दे को चर्चा में ला दिया है.चूंकि वे सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश हैं, लिहाजा उन्हें संदर्भित किया जा सकता है, नीतियां बनाते समय इन टिप्पणियों पर विचार किया जा सकता है और इसलिए यह महत्वपूर्ण भी है.वंचित बहुजन अघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने इस फ़ैसले का विरोध किया है.प्रकाश आंबेडकर ने एक्स पर लिखा, सुप्रीम कोर्ट का फ़ैसला अनुसूचित जाति के तहत पिछड़ेपन को मापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मानदंडों पर चुप है.वह कहते हैं, ई. वी. चिन्हिया का फ़ैसला अभी भी मजबूत है. भले ही आरक्षण के तहत श्रेणी को 6 से 1 तक बरकरार रखा गया था, लेकिन यह अनुच्छेद 14 ख़िलाफ़ ही फैसला है.आरक्षण से न केवल एससी, एसटी और ओबीसी को लाभ होता है, बल्कि सामान्य श्रेणियों को भी लाभ होता है. प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि यह फ़ैसला संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है.दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक पा रंजीत ने भी अनुसूचित जाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान लागू करने का विरोध किया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, जाति एक सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान है, आर्थिक स्थिति का जाति पर कोई असर नहीं पड़ता है. पा रंजीत ने लिखा, एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करना सामाजिक न्याय के लिहाज से एक नकारात्मक क़दम होगा. अनुसूचित जनजातियों को दिया गया आरक्षण उनकी आबादी की तुलना में पहले से ही पर्याप्त नहीं है.

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के सुनाए फ़ैसले के बारे में बॉम्बे हाई कोर्ट के वकील संघराज रूपवते ने कहा, सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों ने एक बार फिर अदालत की आड़ में वही किया है जो वे चाहते थे. यह एक ऐसा फ़ैसला है जो हमें जातिविहीन समाज से दूर ले जाता है. अनुसूचित जाति और जनजाति के उप-वर्गीकरण की अनुमति देना छह न्यायाधीशों की एक बड़ी गलती है. जस्टिस बेला त्रिवेदी की एकमात्र असहमति ही संवैधानिक क़ानून का सही पुनर्कथन है.क्रीमी लेयर के प्रावधान के बारे में संघराज रूपवते बोले, इस बात पर बहस हो सकती है कि क्या क्रीमी लेयर के प्रावधानों को अनुसूचित जाति और जनजातियों पर लागू किया जाना चाहिए. जिन व्यक्तियों और परिवारों को आरक्षण का लाभ नहीं है, उनके लिए क्रीमी लेयर के प्रावधानों में कुछ बदलाव किए जा सकते हैं.संघराज रूपवते इसके पीछे का कारण बताते हैं, अगर हम महाराष्ट्र पर विचार करें तो अनुसूचित जाति श्रेणी में मुख्य रूप से तीन जातियां हैं. इनमें नव-बौद्ध या जिन्हें महार कहा जाता है, चर्मकार और मातंग ये तीन जातियां है. इनमें से नव-बौद्ध समाज पर आरक्षण का लाभ लेने का आरोप है लेकिन अगर हम इन तीन समुदायों की तुलना करें तो नव-बौद्धों में शिक्षा का स्तर ऊंचा है और यही कारण है कि उनके आंकड़े अपेक्षाकृत ऊंचे हैं, लेकिन वर्गीकरण इसका समाधान नहीं है.रूपवते यह भी बताते हैं, अनुसूचित जातियों और जनजातियों को विभाजित और विघटित करके शासक वर्ग के लिए हमेशा के लिए शासन करने का दरवाजा खोल दिया गया है और अब इन जातियों और जनजातियों को एकजुट करना लगभग असंभव है. यह लकड़ी के लिए एक पूरे पेड़ को काटने जैसा है. ऐसा लगता है कि इससे जाति व्यवस्था और मजबूत होगी.सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में राउंड टेबल इंडिया मराठी के संपादक राहुल गायकवाड़ ने कहा, क्रीमी लेयर को लागू करने से निष्पक्ष और पर्याप्त प्रतिनिधित्व का सिद्धांत कमजोर हो जाएगा. एक बात ध्यान में रखनी चाहिए कि एक निश्चित स्तर तक पहुंचने के बाद ही दबे-कुचले लोगों की आवाज बुलंद होती है.उप-वर्गीकरण के बारे में राहुल गायकवाड़ ने कहा, सुप्रीम कोर्ट की ओर से किए गए उप-वर्गीकरण से एक ही श्रेणी की जातियों के बीच संघर्ष हो सकता है. साथ ही, इस उप-वर्गीकरण के मानदंड स्पष्ट नहीं हैं. अगर इस तरह से उप-वर्गीकरण वर्गीकरण किया गया है, तो ऐसा हो सकता है कि किसी जाति समूह को वर्षों तक आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा.ज्राहुल गायकवाड़ के मुताबिक, अनुसूचित जाति जनजातियों के आरक्षण में क्रीमी लेयर के प्रावधान को लागू करने के लिए पर्याप्त डेटा और आधार नहीं है. समाज में आर्थिक या प्रशासनिक प्रगति से जाति कहीं नहीं जाती. हमने देखा है कि हमारी राष्ट्रपति को भी मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है. आरोप है कि अनुसूचित जाति, जनजाति के आरक्षण से सिर्फ़ कुछ ख़ास जातियों को ही फायदा हुआ है. बेशक, आंकड़े अक्सर बताते हैं कि लोग अभी भी बड़े पैमाने पर आरक्षण के लाभ से वंचित हैं.इस बारे में राहुल गायकवाड़ ने कहा, एक समाधान जाति-वार जनगणना करना और जनसंख्या-वार नीतियों को लागू करना है. इसके लिए ऐसी जनगणना ज़रूरी है.मानवाधिकार कार्यकर्ता और वकील बोधी रामटेके का मानना है, अगर हम संवैधानिक प्रावधानों से हटकर दलित एकता पर विचार करें तो इस फ़ैसले से पहली बार दलित आंदोलन में फूट पड़ गई है. अगर हम अनुसूचित जनजातियों पर विचार करते हैं, तो मान लीजिए कि फ़ायदा नव-बौद्ध या महार समुदाय के लोगों को मिलता है. लेकिन सौ प्रतिशत महारों में से केवल दो से तीन प्रतिशत को ये सभी रियायतें दी गई हैं और ऐसी परिस्थितियों में उप-वर्गीकरण से शेष 98 प्रतिशत दलितों के साथ अन्याय होगा.बोधि रामटेके के मुताबिक जिन लोगों की आय थोड़ी अधिक है उन्हें आरक्षण लाभ के दायरे से बाहर कर दिया जाना चाहिए और क्रीमी लेयर लागू करने की बजाय एक वैकल्पिक नीति बनानी चाहिए. हालांकि कुछ विश्लेषक इन सिफ़ारिशों का समर्थन भी कर रहे हैं. लहूजी शक्ति सेना के प्रोफ़ेसर डॉ. डी. डी. कांबले कहते हैं, दरअसल एससी वर्ग में 59 जातियां हैं और आरक्षण का लाभ केवल मुट्ठी भर लोगों को ही मिला है. इस फ़ैसले का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव यह है कि जिन लोगों को आरक्षण से आर्थिक लाभ हुआ है, उन्हें अब आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा. क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र के आधार पर, ऐसे लोग आरक्षण का लाभ नहीं उठा सकेंगे. मातंग विस्तार संघर्ष समिति के सदस्य अजीत केसरालिकर ने कहा, महाराष्ट्र में शाहू, फुले, अंबेडकर के अनुयायियों के रूप में रहने वाले लोगों ने 1965 से इस वर्गीकरण को नजरअंदाज़ कर दिया है.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 224 : श्री राम अभिषेक के लिए गंगा, चित्रोत्पला, शिवा व अन्य नदियों का पवित्र जल एकत्र

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

वैद्य ने कहा, ''रानी जी! महाराज को कोई गहरा मानसिक आघात पहुंचा है और इन्हें पूर्ण विश्राम की आवश्यकता है। उनके सामने ऐसी कोई बात न की जाए, जिससे उन्हें मर्मांतक पीड़ा पहुंचे।''

''धन्यवाद वैद्यराज।'' श्री राम ने कहा।

वैद्य ने कुछ सामान्य दवाएं दी और अनुमति लेकर कक्ष से प्रस्थान किया।

गुरु वशिष्ठ को अतिथि कक्ष में राजा दशरथ के आगमन की प्रतीक्षा करते हुए बहुत समय हो गया है। उन्होंने सोचा, संभव है महाराज दशरथ अभिषेक का कार्यक्रम प्रारंभ करने से पूर्व कोई विशेष पूजा अर्चना कर रहे हों या अन्य किसी तैयारी को पूरा करा रहे हों।

गुरु वशिष्ठ ध्यानमग्न हो गए और उनका चित्त अभिषेक स्थल की ओर चला गया। पवित्रतम मानी जाने वाली गंगा नदी का पानी स्वर्ण कलश में रखा हुआ है। स्वर्ण कलशों में यमुना और तुंगभद्रा समेत विभिन्न नदियों का जल है। महाराज दशरथ के आग्रह पर दक्षिण कौशल(वर्तमान छत्तीसगढ़) की चित्रोत्पला (महानदी) और शिवा (शुनि अर्थात वर्तमान शिवनाथ) समेत अन्य नदियों का जल भी मंगवाया गया है।दक्षिण कौशल कुमार राम का ननिहाल भी है।अतः श्री राम समेत राजा दशरथ को भी इस क्षेत्र से विशेष लगाव है। विशेष काष्ठ से निर्मित अलंकृत अभिषेक पीठ को गुरु वशिष्ठ के मार्गदर्शन में काष्ठ शिल्पियों ने रातों-रात तैयार है।

सूर्योदय के पश्चात पुष्य नक्षत्र निकट आ रहा है। यह अत्यंत शुभ मंगलदायक नक्षत्र है। अयोध्या राज्य के लिए यह घड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण है।अभिषेक की सामग्रियों में नाना प्रकार के पत्ते और पुष्प, फल, विभिन्न फसलों और पेड़ पौधों के बीज,नवरत्न और आभूषण, मधु, दही, घी, दूध, मिष्ठान, केले के पत्ते, तोरण सामग्री, जौ, तिल, समिधा की अन्य सामग्रियां, वाद्य यंत्र आदि पर्याप्त संख्या और मात्रा में एकत्र करके रखी गई हैं।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -140

(भागवत साह)

बाएं से दाएं :
1. लम्बा, जागका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे
1. आत्मनिर्भर, स्वावलंबन भावना से पुलकित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 139 का हल

ग	ल	त				खा	म	खाँ
णे		ल		झ	प	की		
श	र	ब	त		रं			मि
	ज	गा	ना		प	रा	का	ड़ा
	नी	र		वि	रा	ज	मा	न
ना	च			प			य	
म	र	णा	स	न		पा	नी	
ची			प		पा			भी
न	ज	रा	ना		म	मा	चा	र

सामयिक चर्चा

कुर्सी सत्ता की, तो ठकुराई नेता की

बानी बोले - ''सुनिए गजाधर !
आज हमारे नगर की खबर -
देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा में
बजट-चर्चा के दौरान
भाजपा सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री
अनुराग ठाकुर द्वारा नेता प्रतिपक्ष
राहुल गांधी के ऊपर की गई
अमर्यादित, आलोकतांत्रिक टिप्पणी पर
कांग्रेसियों द्वारा मानव मंदिर चौक पर
भाजपा सांसद का पुतला दहन कर
अपना विरोध जताया।
इस पर भीड़ लग गई
और बहुतों को बहुत माजा आया!
हाँ! तो गजाधर! अब आपकी
प्रतिक्रिया की बारी आई। ''
गजाधर मुसकुराए, बोले -
''देखो, जब तक रहती है
सत्ता की, कुर्सी भाई!
तब तक नेताओं की
चलती है ठकुराई
अब इससे आगे,
हम क्या कहे ''यार!
आप तो अखबार पढ़-कर
खुद हो गये है, समझदार!''

गिरीश बख्शी

कविता

युवाओं पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को समर्पित

नया जोश नया जुनून ही फिजा में नई बहार ला सकता है।
समाज को युवाओं का जुनून आबाद कर सकता है।।
युवा शक्ति का वंदन अभिनंदन करने मैं आया हूं।
नई उमंगों को फिर से मैं नभ में उड़ाने लाया हूं।।
उस एकत्व का आज मैं तुमको इतिहास बताने आया हूं।
हे लोधी समाज के वीर पुत्रों मैं तुम्हे जगाने आया हूं ।।
छाकर तुम अब आसमान में रवि सा यू प्रकाश करो।
समाज को नई ऊर्जा देकर उन्नति अब ललाट करो।।
फूलो सी तुम महक उड़ाकर मेहनत का आगाज करो।
नई क्रांति की ज्वाला देकर अब फिर से तुम प्रयास करो।।
उन वीरो की वीर तुम्हे बताने आया हूं।
हे लोधी समाज के 'युवाओं'
मैं तुम्हे जगाने आया हूं।।

विष्णु लोधी
कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश लोधी समाज

राशिफल

मेष
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने के योग है। आज आपको अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसका सकारात्मक असर आपके व्यक्तित्व पर भी पड़ेगा।

वृषभ
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका कोई छुपा टैलेंट लोगों को पता चलेगी। आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बीतने से मानसिक सुकून मिलेगा। व्यापार में आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। आज घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। लवमेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे।

मिथुन
आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीको में बदलाव संबंधी नीतियों पर गंभीरता से विचार करेंगे। नई कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं सफल रहेंगी। नौकरी में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। प्रमोशन की खबर मिलने के योग हैं।

कर्क
आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज अधूरे कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की सोच रहे हैं तो वास्तु के नियमों का ध्यान रखेंगे। आज ऑफिस में अपना कार्य समय पर निपटा लेंगे। आज जीवनसाथी और परिवार वालों में आपसी तालमेल रहेगा।

सिंह
आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज कार्यस्थल की अंदरूनी व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इससे काम करने के तरीको में सुधार होगा। हर काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। ऑफिस में कुछ लोग आपकी उन्नति से जलन की भावना रख सकते हैं।

कन्या
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी भी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें। आपको कोई विशेष सूचना मिल सकती हैं। करीबी इंसान की मदद करके आपको खुशी मिलेगी। घर की व्यवस्था को उचित बनाने में आपकी कोशिश कामयाब रहेगी। आज परिवार के साथ किसी उत्सव में जाने का मौका मिलेगा।

तुला
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करेंगे। इससे उन पर काम करने में मदद मिलेगी। दूसरों की बजाय अपनी खूबियों पर भरोसा रखेंगे, आपको फायदा मिलेगा। कोई उपलब्धि भी मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक रिश्ते मजबूत होंगे।

वृश्चिक
आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज बिजनेस के काम करने के तरीके का जिक्र दूसरे से न करें। नौकरी और बिजनेस में कोई भी महत्वपूर्ण फैसला आज न लें। स्टूडेंट्स को किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज परिवार के लोग साथ में समय बीताएंगे।

धनु
आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज बातचीत करते समय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। आज बीती हुई पुरानी बातों को खुद पर हावी न होने दे। ध्यान और मेडिटेशन से आप मानसिक तौर पर स्वस्थ रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे।

मकर
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज मीडिया, मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए सफलता का समय है। बिजनेस में आसपास के लोगों से चल रही प्रतिस्पर्धा में सफलता के लिए और मेहनत की जरूरत है। नौकरी कर रहे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। आज स्वभाव में लचीलापन लाएं।

कुंभ
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके काम समय मुताबिक पूरे होते जाएंगे। पूरे आत्मविश्वास से कोशिश करते रहें। वाहन खरीदने की योजना है तो दिन शुभ है। व्यस्तता के बावजूद रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ समय बीतेगा। अपने आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को कम न होने दें।

मीन
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। गलतियों से सीख लेकर अपने काम करने के तरीको में बदलाव करेंगे।

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा-प्रतिदिन वार्डों में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। जन समस्या निवारण पखवाड़ा के तहत नगर निगम की टीम वार्डवासियों की समस्या के निराकरण के लिये वार्डो में लगातार शिविर आयोजित कर रही है। एक दिन में 3-4 वार्डों के लिये एक स्थान पर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित होकर मांग एवं शिकायत के संबंध में आवेदन दे रहे है। आज भरकापारा स्कूल में वार्ड नं. 27,28 व 37 के लिये आयोजित शिविर में मांग एवं शिकायत के 105 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें से 32 आवेदन का शिविर में ही निराकरण किया गया। त्वरित निराकरण होने पर आवेदकों ने खुश होकर शिविर के लिये तारीफ की। शिविर में ही मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 69 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

आज वार्ड नं. 27,28 व 37 के लिये भरकापारा स्कूल में आयोजित शिविर में 105 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से जल विभाग के 3 आवेदन में अमृत मिशन के तहत 1 नल कनेक्शन लगाने एवं रामाधीन मार्ग व भरकापारा में नल में पानी नहीं आने संबंधी 1-1 आवेदन, राशन कार्ड में नाम जोड़ने हटाने संबंधी 15 व नया राशन कार्ड बनाने हेतु 8 कुल 23 आवेदन, जन्म प्रमाण पत्र बनाने 1, स्वयं के भूमि में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने 27, भवन नजूल में पट्टा के लिये 1 तथा अतिक्रमण संबंधी 2, स्वास्थ्य विभाग के 4 में रामाधीन मार्ग दरगाह गली में कचरा उठाने, नाली सफाई तथा डोर टू डोर कचरा परिवहन संबंधी व नाली निर्माण संबंधी 2, स्ट्रीट लाईट बंद संबंधी 3 आवेदन प्राप्त हुये। इसी प्रकार स्व रोजगार हेतु 10 हजार रूपये हेतु ऋण के लिये 8 आवेदन तथा श्रमिक कार्ड व आधार पंजीयन के 11-11 आवेदन व आयुष्मान कार्ड के 8 आवेदन प्राप्त हुये जिसका कार्ड बनाकर त्वरित निराकरण किया गया।

लगभग 70 ने कराये स्वास्थ्य परीक्षण

साथ ही महिला बाल विकास विभाग के तहत महतारी वंदन योजना के किस्त की राशि नही आने का जाँच कर निराकरण कर खाते में राशि आने की जानकारी दी गयी। त्वरित लाभार्थियों ने शिविर आयोजन पर कहा कि शिविर का आयोजन होता रहे।

शिविर में आये वार्डवासी में भरकापारा के रेखा यादव व शलीना कौशल तथा रामाधीन मार्ग के हर्ष वर्मा ने तुरंत आधार अपडेट होने, साथ ही कसाई पारा भरकापारा की रेवती चौहान व रामाधीन मार्ग की निशा शर्मा ने आयुष्मान कार्ड बनने पर कहा कि शिविर लगने से वार्ड में ही हमारा कार्ड बन गया, कार्ड के लिये हमे नगर निगम या च्वाईस सेन्टर का चक्कर लगाना नहीं पड़ा।

इसी प्रकार रामाधीन मार्ग दरगाह गली में शिकायत करते ही नाली सफाई होने कचरा उठने तथा कमल टाकीज के पास डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी नहीं आने की शिकायत पर तुरंत कचरा लेने आने से वार्डवासी शासन एवं निगम का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस प्रकार के शिविर आयोजित होते रहना चाहिये। शिविर में मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 69 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करा दवा लेकर लाभ लिया। लाभ लेने वालों ने कहा कि शिविर में आवेदन देने आये थे, लेकिन बीमारी के लिये मुफ्त में जाँच होकर दवा भी मिला।

आज भरकापारा स्कूल में आयोजित शिविर में वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा सहित तीनों वार्ड के पार्षद गणेश पवार, राजेश जैन रानू व श्रीमती मधु बैद सहित शिविर में व्यवस्था देखने समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू, श्रीमती गरिमा वर्मा, अनुप पाण्डे व सुश्री आयुषी सिंह उपस्थित रहे। वार्डो के लिये आयोजित शिविर अंतर्गत कल 6 अगस्त को वार्ड नं. 29,30, 31 व 36 के लिये सामुदायिक भवन जनता कालोनी में तथा 7 अगस्त को वार्ड नं. 32,33,34 व 35 के लिये कर्मा भवन बैगा पार लखोली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे। शिविर में विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

एक माह में दर्जनभर से अधिक कार्रवाई
अवैध शराब कोचियों में मचा हड़कंप

ठेलकाडीह (दावा)। क्षेत्र के गावों में इन दिनों पुलिस की कार्रवाई से अनैतिक कारोबार करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह पुलिस द्वारा इन दिनों लगातार अवैध शराब विक्रेताओं व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि केसीजी जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में आईपीएस त्रिलोक बंसल के पदभार संभालने के बाद से ही उनके द्वारा जिले में जुआ शराब सट्टा सहित अन्य प्रकार के अनैतिक कार्यो पर अंकुश लगाने की दिशा में काम किया जा रहा है। ताकि थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था कायम रहे। इसके अलावा सभी प्रकार के असामाजिक कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिया गया है। जिसके परिणाम में ठेलकाडीह थाना प्रभारी अंम्बरीश शर्मा के नेतृत्व में लगातार महीनेभर से अवैध शराब कोचियों सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। इससे क्षेत्र की महिलाएं व स्कूली छात्राओं काफी हद तक राहत मिली है। क्योंकि गांवो में शाम होते ही चौक-चौराहों में पियक्कड़ों की भीड़ लगी रहती थी। आलम यह है कि अब पुलिस की कार्रवाई से चौक-चौराहों व आम रास्तों पर शराब पीने वाले भी दहशत में है।

0 खैरागढ़ के दो कोचिए पकड़ाए

ठेलकाडीह पुलिस खैरागढ़ की तरफ से बिना नंबर की स्कूटी वाहन में अवैध शराब आने की सूचना पर शनिवार को मरकामटोला मोड़ के पास घेराबंदी कर दो लोगों को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। दोनों आरोपी खैरागढ़ के रहने वाले है। जिसे आबकारी एक्ट तहत जेल दाखिल किया गया। इसी प्रकार महीनेभर में दर्जनभर लोगों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

0 एक महीने में आबकारी के दर्जनभर प्रकरण

ठेलकाडीह पुलिस के द्वारा जुलाई माह से आज दिनाँक तक करीब दर्जनभर से अधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। इसमें कईयों को जेल रास्ता दिखाया गया है। यही वजह है कि थाना क्षेत्र के गांवो में अब अवैध शराब बेचने वाले की संख्या लगातार कम हो रही है। शराब बिक्री कम होने से सबसे बड़ा फायदा गांवों में लोग शराब के नशे में धुत होकर अनावश्यक रूप से हुल्लड़बाजी करते रहते थे। अब वह माहौल गावों में बहुत ही कम हो गया है। इसके अलावा शराब के नशे में हुज्जतबाजी, गाली गलौज करने वाले के खिलाफ भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

> क्षेत्र में अवैध शराब बेचने व परिवहन करने एवं अन्य अपराधिक गतिविधियों पर संलिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है, आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा।
> **अम्बरीश शर्मा ठेलकाडीह थाना प्रभारी**

> वर्तमान समय में जिस प्रकार से पुलिस द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। वह सराहनीय है, लेकिन पुलिस को और सख्ती के साथ कार्रवाई करने की जरूरत है।
> **नोमेश वर्मा अध्यक्ष सरपंच संघ राजनांदगांव**

हर्ष : 4 एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति

गंडई पंडरिया (दावा)। मंत्रालय रायपुर ने प्रदेश भर में स्वास्थ्य की लचर व्यवस्था को देखते हुए, सुविधा को और विस्तार करने के लिए प्रदेश भर में 5 सौ से अधिक प्राथमिकता धारियों छात्र-छात्राओं को प्रदेश भर के जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए एमबीबीएस चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम वर्ष 2018 बैच के चिकित्सा स्नातक उत्तीर्ण अनुबंध अनुसार 2 वर्ष की संविदा सेवा का अवसर प्रदान करते हुए नौजवानों को पदस्थापना स्थल में अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है।

ज्ञात हो की जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा युवा नेता खम्हन ताम्रकार के नेतृत्व में विगत दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में पर्याप्त स्टॉफ नहीं होने के चलते गंडई सहित अंचल के लोगों को उचित समय पर इलाज नहीं मिल पाता इस समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात कर गंडई हॉस्पिटल में एमबीबीएस डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स की मांग को प्राथमिकता के आधार पर मंत्री जायसवाल से मांग किया था, जिस पर मंत्री जी ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया था और महज कुछ दिन के बाद पूरे प्रदेश भर में डॉक्टरों की नियुक्ति कर स्वास्थ्य अमला में तेजी कर दी है।

इन डॉक्टरों की हुई 02 वर्ष के लिए गंडई में नियुक्ति

प्रशासनिक आदेश के तहत डॉ. धनंजय जंघेल, डॉ. खिलेश चंद्राकर, डॉ. चूरेंद्र कुमार खरे, अरशद रजा शेख इन चारों डॉक्टरों की नियुक्ति गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 2 वर्ष की संविदा आधार पर की गई है गंडई में पहले से डॉ. दीप्ति जांगड़े, डॉ. विजेंद्र साहू मेडिकल ऑफिसर के रूप 02 वर्ष के बॉन्ड के आधार पर सेवा दे रहे है। वनांचल क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेवारा के लिए दो डॉक्टरों की नियुक्ति भी अभी की गई है जिसमें नवीन डॉक्टरों की नियुक्ति को लेकर खम्हन ताम्रकार धन्यवाद ज्ञापित किया है।

एसपी त्रिलोक बंसल ने थाना प्रभारियों की बैठक लेकर दिये दिशा निर्देश

0 पुलिस पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण करने हेतु हिदायत दिया गया
0 साइबर संबंधी अपराधों का निराकरण करने एवं साइबर फ्राड एव साइबर सुरक्षा संबंधी दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश

खैरागढ़ (दावा)। जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला केसीजी में शनिवार 03 अगस्त को पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) जिला केसीजी के द्वारा वर्तमान समय में हो रही घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुये, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अति पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारियों की संयुक्त मीटिंग लिया गया। मीटिंग दौरान अपराध नियंत्रण के संबंध में समस्त थाना प्रभारियों को नवीन कानून को ध्यान में रखते हुये, गांवो एवं शहरों में हो रही चोरियों को रोकने एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष हिदायत दिया गया।

कहा गया कि थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले ग्रामों एवं कस्बो में साइबर जागरूकता हेतु क्षेत्रान्तर्गत आने वाले गांवो में जाकर, साइबर संबंधी अपराधो के बारे में लगातार ठगे जा रहे आम जनता को जागरूक करें। थानों में पंजीकृत अपराधों एवं शिकायतों को अधिक से अधिक निराकृत करें। लंबित चालानो को न्यायालय में अविलम्ब पेश करें। समर्थ अभियान के तहत आम जनता को यातायात नियमों एवं साइबर संबंधी जानकारी प्रदान करें। वहीं बढ़ती अपराधो को देखते हुये गिरफ्तार व्यक्तियों के फिन्गर प्रिन्ट लेने हेतु सक्त हिदायत दिया गया। शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर बनाये रखने हेतु कहा गया, साथ ही अपराधो के नियंत्रण हेतु गुण्डा, बदमाशों के फाईलो को खुलवाने की कार्यवाही करने एवं अवैध तरीके के कर रहे शराब माफियाओ एवं गांजा तस्करों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। जिससे की आम जनता परेशान न हो। वहीं सड़क दुर्घटना में नियंत्रण हेतु चौक चौराहो पर अधिक से अधिक पुलिस लगाकर अनियंत्रित गाड़ियों पर नियंत्रण करने एवं यातायात नियमो का पालन किया जा सकें इसके बारे में विशेष समझाईस दी गई।

उपरोक्त मीटिंग में रक्षित निरीक्षक के.देव राजू, निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे (थाना प्रभारी खैरागढ़), अम्बरीश शर्मा (थाना प्रभारी ठेलकाडीह), निरीक्षक अनिल शर्मा (साइबर सेल प्रभारी), निरीक्षक शिवशंकर गेन्दले (थाना छुईखदान), निरीक्षक भीमसेन यादव (थाना प्रभारी गण्डई), मोरध्वज देशमुख (थाना प्रभारी गातापार), उपनिरीक्षक विरेन्द्र चन्द्राकर (चौकी प्रभारी जालबांधा), थाना साल्हेवारा से देवाराम भास्कर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के उप. निरीक्षक रामचन्द्र साव, सउनि टैलेश सिंह, प्रभारी अधिकारी उपस्थित थें।

एकलव्य आवासीय विद्यालय कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग आठ अगस्त 2024 को

अंबागढ़ चौकी (दावा)। एकलव्य आवासीय विद्यालय के कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जारी नियमावली एवं प्रवेश नीति 2024-25 में निहित प्रावधान अनुसार प्रवेश के लिए मेरिट/आरक्षण का पालन करते हुए काउंसलिंग हेतु सूची तैयार की गई है जिसे एकलव्य आवासीय विद्यालय मोहला एवं मानपुर(संचालन अंबागढ़ चौकी) पता-सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास अंबागढ़ चौकी में चस्पा किया जाएगा। जारी की गई सूची को एकलव्य आवासीय विद्यालय के वेबसाइट emrsmohla.in पर एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में देखा जा सकता है। काउंसलिंग हेतु आवश्यक दस्तावेज/अभिलेख के तहत आवेदन पत्र (निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा), कक्षा पांचवी उत्तीर्ण अंकसूची, विद्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, वे विधार्थी जिन्होंने अपने माता पिता को वामपंथी उग्रवाद/विद्रोह/ कोविड में खो दिया है उक्त संबंध में आवश्यक प्रमाण पत्र, विधवाओं के बच्चों के लिए पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, दिव्यांग माता पिता के बच्चों के लिए माता पिता का दिव्यांग प्रमाण पत्र, दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र, जिस विकासखंड में विद्यालय स्थित है उस विकासखंड के शासकीय अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक/पैरामेडिकल स्टाफ/ सीइएस/ एकलव्य विद्यालयों के स्टाफ के बच्चों के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र अनिवार्य है। काउंसलिंग तिथि 08/08/2024(गुरुवार), निर्धारित समय 11:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक स्थान एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मोहला एवं मानपुर (संचालन अंबागढ़ चौकी) पता- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास अंबागढ़ चौकी में संपर्क कर सकते है।

जलाभिषेक करने निकली शिव भक्तों की कांवर यात्रा

घुमका (दावा)। गौरव ग्राम घुमका के महाराणा प्रताप चौक पर स्थित शिव मंदिर से शिव भक्तों की टोली देऊर कोना शिव कोकड़ी के स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक करने कांवर यात्रा पर कुलदीप सिंह राजपूत के नेतृत्व में डी जे की धुन पर व शिव जी के जयकारों के साथ निकली। कावर यात्रियों ने घुमका से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी तय कर वहाँ शिवलिंग की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस दौरान शिव भक्तों के लिए जलपान व शर्बत की व्यवस्था की भी गई थी। कांवर यात्रा के शिव भक्तों में प्रमुख रूप से अनिल राजपूत, कोमल यादव, एकांत दुबे, संजय पटेल, लोचन निर्मलकर, सुनिल यदु, मनोज बघेल, सूरज पटेल, भूषण वर्मा, आशीष,पप्पू यादव, ऋषि पटेल, धरमू यदु, पिंटू यदु, गिरीश वर्मा, पोषण सेन, बिज्जू पटेल, सेवाराम पटेल आदि उपस्थित रहे।

हरेली त्योहार में नगर के माताओं-बहनों के बीच खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुसार हरेली के पावन पर्व पर जहां किसान अपने इष्ट देव व कृषक कार्य में प्रयोग किए जाने वाले औजारों की पूजा अर्चना करते हैं एवं सबकी खुशहाली की कामना करते हैं एवं अच्छे-अच्छे छत्तीसगढ़ी व्यंजन पकवान तैयार करते हैं वहीं नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम के सौजन्य से पिछले दो वर्षों की तरह इस वर्ष भी माताओं एवं बहनों के बीच छत्तीसगढ़ के विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य जो माता बहनें अपने दैनिक जनजीवन में व्यस्त रहती है इस पर्व के अवसर में व्यस्ततम जीवन से समय निकालकर छत्तीसगढ़ के खेलों को बढ़ावा मिलें हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलें एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सभ्यता, खानपान, पर्यावरण खेलकूद का ज्ञान हो सके ताकि आने वाली पीढ़ियों को छत्तीसगढ़ की मुख्य धारा से जुड़ कर एक विकसित छत्तीसगढ़ के सपना को साकार कर सकें ऐसा उद्देश्य हम सबका है। आपको ये बता दें कि इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की थी उन्हीं की प्रेरणा से आयोजन को अंजाम दिया गया जिसमें कबड्डी, रस्साकसी, फुगड़ी, सौ मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, मटकाफोड, आदि खेलों का आयोजन हुआ नगर की माताओं बहनों के साथ साथ छोटे बच्चे एवं स्कूली छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें प्रथम द्वितीय आने वाले प्रतिभागीयों को इनाम स्वरूप नगद राशि के साथ मोमेंटो एवं टिफिन डब्बा प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकार एवं पार्षद व सभापति साधना सिंह खेलों में लोगों के केंद्र बिंदु बने। पराजित प्रतिभागियों को रितेश मेश्राम के द्वारा सांत्वना देते हुए अगले साल अच्छे से खेल कर जीत हासिल करने की बात कही। इस अवसर पर पार्षद अशोक वर्मा, पार्षद श्रीमती बिसन देवांगन, पार्षद श्रीमती शीतल भुआर्य, पार्षद धर्मेंद्र साहू, पार्षद विजय यादव, पार्षद मोहसिन खान, रफीक खान, रज्जाक मिर्जा, दामोदर शर्मा, अनिल महोबिया, छगन बंजारे। साथ ही क्रीड़ा व्यायाम शिक्षक अनुपमा मेश्राम, पुष्पा सोनी, जयंती टेकाम, नीलिमा बांबेश्वर, विनोद हथेल, दुर्वासा विनायक उपस्थित रहे।

खैरागढ़ महाविद्यालय दिक्षारंभ समारोह में शामिल हुए खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शास.महाविद्यालय व नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ में दिक्षारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा शामिल होकर महाविद्यालय परिसर में मां के नाम एक पेड़ का रोपण किया वही कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने वृक्षारोपण करते हुए कहा की पेड़ पौधे रहने से वायुमंडल का संतुलन बना रहता है, साथ बच्चों व क्षेत्रीय लोगों से भी वृक्षारोपण करने की अपील है। खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने दीक्षारंभ समारोह में कहा की एकत्रित हुए, नए शिक्षा सत्र की शुरुआत का प्रतीक है। नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगा कर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दिए।

छात्र-छात्राओं को अपने शिक्षकों, साथियों और परिवार के साथ मिलकर एक समृद्ध शिक्षा अनुभव प्राप्त करने एवं छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत और समर्पण से काम करें। अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष करें और कभी हार न मानें कहा।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष कांग्रेस भीखमचंद छाजेड़, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, विधायक प्रतिनिधि सुबोध पांडे, जिला पत्रकार संघ संरक्षक अनुराग तूरे उपस्थित रहे।

गरीब उपभोक्ताओं का हक मार रहे गैस एजेंसी वाले

डोंगरगांव(दावा)। लिक्विड पेट्रोलियम गैस आज हर घर की अति महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक है। जिसके लिए कंपनी के द्वारा उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार के छूट तथा सेवा निःशुल्क प्रदान की जाती है। वहीं जिन एजेंसी के द्वारा गैस सिलेंडर का वितरण किया जाता है उनके द्वारा अवैध कमाई के चक्कर में उपभोक्ताओं को मिलने वाले छूट पर हाथ साफ कर रहे हैं। ऐसा ही एक वाक्या नगर में एकमात्र संचालित पदमा गैस एजेंसी के द्वारा सामने आए हैं। जिसमें उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि गोदाम से गैस सिलेंडर लेने पर मिलने वाले अतिरिक्त छूट को एजेंसी के लोगों के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि कंपनी के द्वारा तय किए गए मापदंड के अनुसार यदि उपभोक्ता गोदाम तक पहुंच कर गैस सिलेंडर की रिफिलिंग करता है तो उसे 35 रुपए की अतिरिक्त छूट प्रदान किया जाता है। किंतु वर्षों से संचालित उक्त गैस एजेंसी के द्वारा उपभोक्ताओं को पूरी रकम लेकर भरा गैस टंकी दिया जाता है। इतना ही नहीं यदि उपभोक्ताओं के पास चिल्लर की समस्या होती है तो इसमें बचने वाले राशि को भी उपभोक्ताओं को वापस नहीं किया जाता। जैसे वर्तमान में रिफिलिंग की राशि 894 है और उपभोक्ता 9 सौ देता है तो उसे अंतर की राशि वापस नहीं को जाती है। इधर घर पहुंच सेवा के नाम पर भी डिलीवरी करने वाले एजेंसी के कर्मचारियों के द्वारा शहर में 5 से 10 अतिरिक्त लिया जाता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में उनके द्वारा 20 से 50 रुपए की उगाही की जाती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि तय की गई राशि से राउंड फिगर की राशि के बीच के अंतर के पैसे को ना तो वापस किया जाता है और ना ही कार्ड में लिखा जाता है। ताकि उसे आगामी महीने में रिफिलिंग के समय काटा जा सके, जो की यह राशि गैस एजेंसी के लिए अवैध कमाई का जरिया बनता है। वहीं एजेंसी संचालक के द्वारा परिचित और रसूखदार लोगों को बगैर बोले उन्हें मिलने वाला छूट दे दिया जाता है। लेकिन ग्रामीण और जानकारी से अंजान उपभोक्ताओं को जमकर चुना लगाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में उक्त एजेंसी के पास सभी प्रकार के 18 से 19 हजार कनेक्शन संचालित है। इनमें से यदि आधे से भी कम लोग यदि गोदाम तक पहुंचकर गैस कर रिफिलिंग करते हैं तो उसके अनुसार 35 रुपए छूट के हिसाब से महीने में लाखों रुपए का वारा न्यारा किया जा रहा है। इतना ही नहीं महत्वपूर्ण जानकारी खासकर छूट से संबंधित बातों को एजेंसी के द्वारा बड़े अक्षरों में और साफ दिखने वाले स्थान पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए लेकिन एजेंसी के द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। इस मामले में पदमा गैस एजेंसी के संचालक चिंतामणि नेताम से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि अब गैस रिफिलिंग के लिए ऑनलाइन बुकिंग करा कर ओटीपी जनरेट करना आवश्यक है और डिलीवरी बॉय को यह ओटीपी बताने के बाद ही गैस सिलेंडर दिया जा सकेगा। वहीं गोदाम से मिलने वाले रिबेट पर उन्होंने बताया कि अब उपभोक्ताओं को घर पहुंच सेवा के द्वारा ही गैस का वितरण किया जाएगा। जहां तक बात है चिल्लर नहीं होने और राशि वापस नहीं करने के संबंध में तो, उपभोक्ताओं को रिफिलिंग की राशि ऑनलाइन करने के लिए कहा गया है। हमारे द्वारा चिल्लर की आपूर्ति किया जाना संभव नहीं हो पाता। बता दे की गैस रिफिलिंग के लिए ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता भी आते हैं और ऐसा नहीं है कि सभी उपभोक्ताओं को ऑनलाइन पेमेंट करना आता हो। ऐसे में एजेंसी की महिती जिम्मेदारी बनती है कि वे उपभोक्ताओं के अनुसार आवश्यक व्यवस्था बनाए।

गोदाम से गैस सिलेंडर लेने पर नहीं दे रहे रिबेट, इधर घर पहुंच सेवा में भी करते हैं काटा मारी

तय संख्या से अधिक घर में रख रहे हैं सिलेंडर

शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध गैस रिफिलिंग तथा संख्या से ज्यादा भरी गैस टंकियां को स्टोर करके रखा जा रहा है, जो की सुरक्षा की दृष्टि से काफी खतरनाक है। वहीं अवैध रूप से गैस का कारोबार करने वाले लोग फल फूल रहे हैं। मिली अपुष्ट जानकारी के अनुसार शहर के एक नामी होटल संचालक के द्वारा भारत गैस की भरी हुई टंकियां बड़ी मात्रा स्टोर करके रखा जा रहा है। जिस पर फिलहाल कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। बता दें कि आसपास के रहवासी सहित स्कूल का संचालन होता है, जिन पर हमेशा अनहोनी का खतरा मंडरा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अर्जुनी, कुमरदा सहित अन्य ग्रामों में बड़े टंकियां से छोटी गैस टंकियां में रिफिलिंग कर अवैध रूप से बेचा जा रहा है। जिन पर भी कार्यवाही होना अतिआवश्यक है।

> इस मामले में फिलहाल मुझ तक कोई आवेदन या शिकायत नहीं आया है। आपके माध्यम से जानकारी मिली है। इस पर संज्ञान लेकर विधिवत कार्यवाही की जाएगी।
> **- श्रीकांत कोराम, एडीएम डोंगरगांव**

पहला कॉलम...

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का निधन

नईदिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का 55 साल की आयु में निधन हो गया।वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भी इस पूर्व बल्लेबाज की मृत्यु पर अपना शोक व्यक्त किया।बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड की ओर से 100 टेस्ट खेले थे। इसके बाद वह इंग्लिश टीम के साथ बतौर कोच भी काम कर चुके थे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा, हमें यह खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि ग्राहम थोर्प का निधन हो गया है। उनके निधन पर हमें जो गहरा सदमा लगा है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। इंग्लैंड के अब तक के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक होने के अलावा वह क्रिकेट परिवार के एक प्रिय सदस्य थे और दुनिया भर के प्रशंसक उनका सम्मान करते थे। थोर्प ने 2005 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहा था।इसके बाद वह 2010 में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड में मुख्य बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल हुए और उन्होंने क्रिस सिल्वरवुड के सहायक कोच के रूप में काम किया।

सोने-चांदी की कीमतों में आई उछाल

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में भले ही आज (सोमवार) को भारी गिरावट देखने को मिल रही हो लेकिन सर्राफा बाजार में उल्टी गंगा बह रही है. दरअसल, शेयर बाजार के इतर सर्राफा बाजार में सप्ताह के पहले ही दिन उछाल बना हुआ है. इससे पहले बाजार हरे निशान के साथ ओपन हुआ और सोना 70 हजार के पार चला गया, हालांकि इसमें 11 बजे के बाद थोड़ी सी गिरावट दर्ज की गई.

वहीं शुरुआती बाजार में चांदी के दाम भी 83 हजार के ऊपर चले गए. इसके बाद चांदी के दाम में गिरावट देखने को मिली. सुबह 11.30 बजे सोने का भाव 210 रुपये चढ़कर 22 कैरेट सोने का भाव 64,222 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया. जबकि 24 कैरेट गोल्ड का भाव 70,060 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया. वहीं चांदी का भाव इस समय 60 रुपये गिरकर 82,750 रुपये प्रति किग्रा पर आ गया. सुबह साढ़े ग्यारह बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 0.30 प्रतिशत यानी 212 रुपये गिरकर 70,001 रुपये प्रति दस ग्राम पर कारोबार कर रहा है. जबकि चांदी का भाव 0.01 फीसदी यानी 7 रुपये गिरकर 82,486 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है।

भारत के सर्विस सेक्टर की वृद्धि दर में मामूली गिरावट

नईदिल्ली। भारत के सर्विस सेक्टर की वृद्धि जून की तुलना में जुलाई में थोड़ी धीमी रही। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 रही जबकि जून में यह 60.5 थी। खरीद प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, जुलाई में सेवा क्षेत्र की गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, नए कारोबार में और वृद्धि हुई जो मुख्य रूप से घरेलू मांग से प्रेरित रही। सेवा कंपनियां आने वाले वर्ष के लिए आशावादी हैं।सितंबर 2014 में इस सर्वेक्षण की शुरुआत के बाद से नए निर्यात ठेकों में तीसरी सबसे तेज वृद्धि हुई है,

आर अश्विन ने विनिंग सिक्स जड़कर डिंडीगुल ड्रैगन्स को दिलाई पहली खिताबी जीत

टीएनपीएल को मिला नया चैंपियन

नई दिल्ली। आर अश्विन की कप्तानी वाली डिंडिगुल ड्रैगन्स ने 6 विकेट की जीत के साथ अपने पहले तमिलनाडु प्रीमियर लीग का खिताब जीता। रविवार (4 अगस्त) को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ज़ब्बरु 2024 के फाइनल मैच में डिफेंडिंग चैंपियंस लाइका कोवाई किंग्स के खिलाफ उन्होंने जीत हासिल की।

दरअसल, डिंडिगुल ड्रैगन्स ने फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए लाइका कोवाई किंग्स निर्धारित 20 ओवरों में 129/7 बना सकी। इसके बाद कप्तान रविचंद्रन अश्विन ने 46 गेंदों में 52 रन बनाकर ड्रैगन्स को फाइनल में 10 गेंद बाकी रहते हुए जीत दिलाई। बाबा इंद्रजीथ (35 गेंदों में 32 रन) और शरथ कुमार (15 गेंदों में नाबाद 27 रन) ने भी बल्ले से अहम योगदान दिया। वहीं, लाइका कोवाई किंग्स की तरफ से गौथम तमराई कन्नन, मणिमरण सिद्धार्थ, वलियप्पन युधीस्वरन और कप्तान शाहरुख खान को 1-1 विकेट मिला।

इससे पहले बैटिंग करते हुए लायका कोवई किंग्स की शुरुआत अच्छी रही। सुरेश कुमार ने 9 गेंदों पर 11 रन बनाए। लाइका कोवाई किंग्स ने 51 रन के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा दिए थे, जिसमें साई सुदर्शन का भी विकेट शामिल था। साई ने 14 गेंद पर सिर्फ14 रन ही बनाए। राम अरविंद ने सबसे ज्यादा 27 रन और अतीक उर रहमान ने 25 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान शाहरुख खान महज 3 रन बनाकर आउट हुए। बता दें कि TNPL, जो तमिल नाडु क्रिकेट एसोसिएशन का आयोजन साल 2016 से किया जा रहा है। साल 2020 कोविड-19 महामारी के कारण लीग रद्द कर दी गई थी। इसके अलावा हर साल इस लीग का आयोजन होता है और इस बार अश्विन की कप्तानी वाली डिंडिगुल ड्रैगन्स के रूप में टीएनपीएल को नया चैंपियन मिल गया।

टेबल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय वुमेंस टीम

नई दिल्ली। टेबल टेनिस की विमेंस टीम इवेंट में भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है। भारत ने रोमानिया को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस मैच में मनिका बत्रा ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने अपने अपने दोनों सिंगल्स मैच जीते थे। इसके अलावा श्रीजा अकुला/अर्चना कामत को डबल्स मैच में जीत मिली थी। भारत पहली बार विमेंस टीम कैटेगरी में हिस्सा ले रहा था। अपनी पहली ही कोशिश में भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है।

एक समय मैच दोनों देशों के बीच 2-2 की बराबरी पर चल रहा था। इस दौरान मनिका बत्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें मैच में सीधे गेम में जीत हासिल कर भारत को अंतिम-आठ चरण में पहुंचा दिया। उन्होंने पांचवे गेम को 11-5, 11-9, 11-9 से जीता था। इसी के साथ भारत महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गई है। पहले युगल मुकाबले में श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ की जोड़ी का सामना रोमानिया की एडिना और समारा की जोड़ी से हुआ था। भारतीय जोड़ी ने रोमानिया की जोड़ी को 11 9, 12 10, 11 7 के अंतर से हरा दिया। इसके बाद मनिका ने बर्नाडेट को 11 5, 11 7, 11 7 से हरा दिया था। लगातार दो मैचों जीतने के बाद भारत ने 2 0 की बढ़त बना ली थी। तीसरे मैच में श्रीजा अकुला सिंगल्स मैच में एलिजाबेट समारा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद अर्चना कामथ को बर्नाडेट के खिलाफ भी हार गई थी। उन्हें 5 11, 11 8, 7 11, 9 11 से हार का सामना करना पड़ा था।

120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार बढ़ रहा तूफान 'डेब्बी'

टैंपा। तूफान 'डेब्बी' के सोमवार की सुबह फ्लोरिडा के बिग बेंड तट पर पहुंचने के आसार हैं जिससे रिकॉर्ड बारिश, विनाशकारी बाढ़ और जानलेवा तूफानी लहरें उठने का अनुमान है।

यह तूफान जॉर्जिया और दक्षिण कैरोलिना के तटीय क्षेत्रों में रुकने से पहले राज्य के उत्तरी भाग में धीरे-धीरे बढ़ेगा। मियामी में राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने रविवार शाम को कहा कि इस तूफान के कारण 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं। तूफान टैंपा से लगभग 100 मील दूर, पश्चिम में स्थित था और यह 19 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ रहा है।

डेब्बी इस साल का चौथा अटलांटिक तूफान है। इससे पहले जून में उष्णकटिबंधीय तूफान अल्बर्टो, तूफान बेरिल और उष्णकटिबंधीय तूफान क्रिस आए थे। मौसम विज्ञानियों ने डेब्बी तूफान से भारी बारिश के कारण फ्लोरिडा, साउथ कैरोलिना और जॉर्जिया में भयावह बाढ़ की चेतावनी दी है। तूफान केंद्र ने कहा कि तूफान के सोमवार दोपहर के आसपास फ्लोरिडा के बिग बेंड क्षेत्र में पहुंचने के आसार है, जो टैंपा से लगभग 26 किलोमीटर दक्षिण में है।

चोट ने निशा से छीनी जीत- क्वार्टर फाइनल में आखिरी 33 सेकंड में हारीं, तब वह 8-2 से आगे थीं; फूट-फूट कर रोई

पेरिस। भारत की स्टार पहलवान निशा दहिया को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वह महिलाओं की 68 किलोग्राम भारवर्ग में उत्तर कोरिया की पाक सोल गुम के सामने थीं। हालांकि, निशा के लिए यह मुकाबला बेहद दर्दनाक साबित हुआ। उन्होंने तीन मिनट तक 8-1 की बढ़त बना ली थी। फिर उत्तर कोरियाई पहलवान ने निशा को मैट से बाहर कर एक अंक अर्जित किया और स्कोर 8-2 हो गया। जब मुकाबले को खत्म होने में 33 सेकंड बचे थे, तभी निशा चोटिल हुईं। मैच को रोका गया और उनके हाथ पर बैंड पहनाया गया। हालांकि, बैंड बांधना निशा के लिए अच्छा साबित नहीं हुआ।

चोटिल होने की वजह से हारीं निशा

उत्तर कोरिया की पहलवान ने इस मौका का फायदा उठाया और 11 सेकंड में चार अंक हासिल किए और स्कोर 8-8 से बराबर हो गया। जब मैच खत्म होने में 12 सेकंड बचे थे। तभी निशा को ज्यादा दर्द होने लगा और मैच फिर रोका गया। फीजियो ने निशा का इलाज किया, लेकिन निशा को देखकर लग रहा था कि उनके दाएं हाथ में काफी तेज दर्द था। वो उस वक्त रोने लगीं। हालांकि, कोच ने निशा से कहा कि अभी भी आप जीत सकती हैं। अगर स्कोर 8-8 की बराबरी पर रुका होता तो निशा सेमीफाइनल में पहुंच जातीं। हालांकि, आखिरी 12 सेकंड में उत्तर कोरियाई पहलवान ने दो अंक हासिल किए और मैच 10-8 से अपने नाम किया। मैच को इस तरह गंवाने के बाद निशा मैट पर ही लेटी रह गईं और फूट फूटकर रोने लगीं। उनकी आंखों में आंसू इस वजह से भी थे, क्योंकि वह जीत के काफी नजदीक थीं। 10 अंक हासिल कर लिए होते तो वह टेक्निकल सुपिरियोरिटी पर मैच जीत जातीं। हालांकि, ऐसा नहीं हो सका और आठ अंक के बाद उन्हें इंजरी आ गई। वह मैट से उतरते वक्त भी फूट फूटकर रो रही थीं। वह वहीं मैट पर बैठ गईं और भावुक दिखीं। हालांकि, निशा के लिए सबकुछ खत्म नहीं हुआ है। अगर यह उत्तर कोरियाई पहलवान फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहती है तो निशा रेपेचेज खेलकर कांस्य पदक जीत सकती हैं।

चोट के बावजूद मुकाबला नहीं छोड़ा और आखिर तक लड़ती रही

निशा चोटिल होकर क्वार्टर फाइनल में जरूर हार गई हैं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। इस जज्बे को दिखाकर निशा ने देश के लोगों का दिल जीत लिया है।

चीन के डॉक्टर ने 5 हजार किमी दूर बैठकर कर दिया ऑपरेशन, फेफड़े से निकाला ट्यूमर

नई दिल्ली। चीन के एक अस्पताल में बड़ा कारनामा कर डाला है. सर्जन मरीज से 5000 किलोमीटर दूर था. उसके बावजूद भी उसने अपने मरीज के फेफड़ों में से ट्यूमर सफलतापूर्वक बाहर निकाला. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.

चीन के एक अस्पताल में बड़ा कारनामा कर डाला है. सर्जन मरीज से 5000 किलोमीटर दूर था. उसके बावजूद भी उसने अपने मरीज के फेफड़ों में से ट्यूमर सफलतापूर्वक बाहर निकाला. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.

अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा कैसे संभव है? एडवांस्ड टेक्नोलॉजी क्या ना कर दे, हालांकि, दूर दराज बैठे हुए ऑपरेशन करना कोई नई बात नहीं है, लेकिन ऐसा सिर्फ छोटे-मोटे ऑपरेशन के साथ ही होता है, लेकिन चीन ने बड़ी सफलता हासिल कर ली है. शंघाई में डॉक्टरों की एक टीम ने अपने एक सर्जन को दूर दराज बैठे हुए मशीन को नियंत्रित करने लायक बनाया. सर्जन ने 5000 किलोमीटर दूर बैठे-बैठे मात्र 1 घंटे के अंदर मरीज का ट्यूमर फेफड़ों से हटा दिया. इस ट्यूमर के इलाज के दौरान डॉक्टर शंघाई में अपने कार्यालय में मशीन ऑपरेट कर रहा था तो वहीं मरीज काशगर में था. यह पूरा ऑपरेशन 1 घंटे में पूरा किया गया है. सर्जन डॉक्टर लूको किंगक्वान ने अपने सहायकों के मदद से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया. शंघाई नगर पालिका के अनुसार इस सर्जरी की सफलता के पीछे देसी स्तर पर बने सर्जिकल रोबोट का हाथ है. यह रोबोट दूर दराज और गांव में रहने वाले लोगों के लिए भी कारगर साबित होगा.

ज्योतिष चमत्कार (5 अगस्त 2024)

कल्याण					राजधानी नाईट				
सोम	6	7	8	9	सोम	1	2	3	4
	63	79	87	93		18	20	32	47
मंगल	7	8	9	0	मंगल	2	3	4	5
	78	84	98	08		29	37	48	53
बुध	8	9	0	1	बुध	3	4	5	6
	80	97	09	13		30	43	58	69
गुरू	9	0	1	2	गुरू	4	5	6	7
	90	04	18	23		42	59	68	73
शुक्र	0	1	2	3	शुक्र	5	6	7	8
	07	17	24	39		52	63	78	84
शनि	1	2	3	4					
	14	28	32	47					

अंकों का बादशाह	3				अंकों का बादशाह	1			
सप्ताह का वरदान	4				सप्ताह का वरदान	2			
सप्ताह में अचूक	5	8	9	0	सप्ताह में अचूक	5	6	7	0
स्पेशल	51	82	96	07	स्पेशल	53	64	78	09

सप्ताह में देखें

1	12	14	18	10
2	24	26	28	20
3	32	34	36	30
4	42	46	48	40
5	52	54	56	58
6	62	64	68	60
7	74	76	78	'70
8	82	84	86	80
9	92	96	98	90
0	02	04	06	08

1	13	15	17	19
2	21	23	25	29
3	31	35	37	39
4	41	43	45	47
5	51	53	57	59
6	63	65	67	69
7	71	73	75	'79
8	81	85	87	89
9	91	93	95	97
0	01	03	07	09

अंक आपके पत्ते हमारे

1	2	3	4	5	6	7	8	9	0
128	138	148	149	140	123	160	134	234	127
245	129	238	130	230	150	250	233	379	136
489	237	490	239	357	259	278	279	225	280
290	570	670	680	456	349	458	260	270	479
344	228	355	789	339	790	449	125	126	677

बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

कल्याण						राजधानी					
26	91	29	88	04	55	12	98	77	23	33	
95	37	02	99	70	82	77	38	49	27	17	
55	13	34	31	39	89	81	82	51	45	98	
94	23	27	13	81	49	39	34	58	12	31	

2023-24 के रुके जोड़ भाव

कल्याण 2023- -09
2024- 11-17-18-19-10-22-35-43-54-57-61-68-69-71-74-85-86-80-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 15-19-10-26-35-30-44-59-62-65--69-71-73-75-70-88-89-92-94-04-06-00

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

प्रथम पेज का शेष

इस्तीफा देने के बाद भारत पहुंची शेख..

कि शेख हसीना अगले कुछ दिनों तक भारत में ही रुकेंगी। फिलहाल आधिकारिक तौर पर उनके भारत में शरण लेने की पुष्टि नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि शेख हसीना ने राजनीतिक शरण नहीं मांगी है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और इंडियन आर्मी के सीनियर अफसरों ने स्वागत किया। बता दें कि हसीना 2009 से बांग्लादेश की प्रधानमंत्री थीं। हसीना को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया- भारत सरकार ने शेख हसीना को कड़ी सुरक्षा में रखा है। इंडियन एयरफोर्स और दूसरी सुरक्षा एजेंसियां शेख हसीना को सिक्योरिटी दे रही हैं।

हिंसा के बीच बांग्लादेश में चार ...

लगभग 150-200 ट्रक दूसरी तरफ से आते हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर है पेट्रापोल- सालाना, लगभग 22 लाख लोग पेट्रापोल चेक प्वाइंट के माध्यम से सीमा पार करते हैं। पेट्रापोल बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में स्थित है, जो भारत और बांग्लादेश के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा पर है। यह कोलकाता से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर है। वहीं, एलआईसी ने सोमवार को कहा कि एलआईसी ऑफ बांग्लादेश लिमिटेड का कार्यालय सात अगस्त तक बंद रहेगा।

अखिलेश ने अयोध्या मामले में फिर...

जनता को इनसे कोई उम्मीद नहीं है. जब जनता की उम्मीद खत्म हो जाए किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से तो समझ लेना कि उस पॉलिटिकल पार्टी का सफाया होना निश्चित है. ये जो हारे हैं, इनता बुरा हारे हैं, जनता इससे भी बुरा इन्हें हराएगी तभी इनका इलाज होगा. इससे पहले भी अखिलेश ने कहा था कि इस मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए. जो भी दोषी हो उसे कानून के हिसाब से पूरी सजा दी जाए, लेकिन अगर डीएनए टेस्ट के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए. यही न्याय की मांग है.

सावन का तीसरा सोमवार...

इस अवसर पर, अमरकंटक से शिव भक्त पदयात्रा कर छत्तीसगढ़ के विभिन्न शिवालयों में जल चढ़ाते हैं. बाबा भोरमदेव मंदिर 11वीं शताब्दी का एक प्राचीन, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व का स्थल है, जहां हर साल सावन मास में कावड़यिों की पदयात्रा का आयोजन होता है. इस कावड़ यात्रा में मध्यप्रदेश के अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर भक्तजन कठिन मार्गों से गुजरते हुए बाबा भोरमदेव, जलेश्वर महादेव और पंचमुखी बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक करते हैं. इस दौरान वे बोल बम के जयघोष के साथ भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हैं. मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में इस वर्ष की कावड़ यात्रा विशेष रूप से स्मरणीय रही, जिसमें सरकार की ओर से कावड़ियों के स्वागत और सेवा का अभूतपूर्व आयोजन किया गया.

जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की भावनाओं ...

जिसमें 15 सैनिक शहीद हो गये और 27 घायल हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में कश्मीरी पंडितों की लक्षित हत्याएँ एक आदर्श बन गई हैं। कांग्रेस नेता ने बेरोजगारी का जिक्र करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर सरकार के 65 प्रतिशत विभागों में कई पद खाली हैं लेकिन 2019 से कोई भर्ती नहीं हुई है और राज्य में बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है, जिसमें चिंताजनक रूप से 18.3 प्रतिशत युवा बेरोजगारी दर है। साल 2021 में नई औद्योगिक नीति लागू होने के बावजूद महज तीन प्रतिशत निवेश ही जमीन पर उतर पाया है। कमाल यह है कि प्रधानमंत्री विकास पैकेज 2015 के तहत 40 प्रतिशत परियोजनाएं लंबित हैं। जम्मू कश्मीर में अप्रैल 2015-मार्च 2019 के बीच शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद-एनएसडीपी की वृद्धि दर 13.28 प्रतिशत थी जो 2019 के बाद से घटकर 8.73 प्रतिशत रह गई है। श्री खडगे ने कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोग सामान्य स्थिति के लिए तरस रहे हैं और वहां के लोगों ने अपनी यह पीड़ा भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समक्ष व्यक्त की थी। हम मांग करते हैं कि उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुसार वहां चुनाव कराए जाएं ताकि लोग अपने प्रतिनिधियों का चुनाव कर सकें, संवैधानिक अधिकारों को सुरक्षित कर सकें और नौकरशाही द्वारा शासित होने के इस तंत्र पर पूर्ण विराम लगा सकें।

वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर नियंत्रण के..

0 क्यों पड़ी इस कानून की जरूरत- सूत्रों ने बताया कि इस तरह के कानून की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि मुस्लिम बुद्धिजीवियों, महिलाओं और शिया तथा बोहरा जैसे विभिन्न संप्रदायों के कई लोग मौजूदा कानून में बदलाव की मांग कर रहे थे. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संशोधन लाने की तैयारी 2024 के लोकसभा चुनावों से काफी पहले ही शुरू हो गई थी. उन्होंने यह भी कहा कि ओमान, सऊदी अरब और अन्य इस्लामी देशों के कानूनों के प्रारंभिक अवलोकन से पता चलता है कि इनमें से किसी भी देश ने किसी एक इकाई को इतने व्यापक अधिकार नहीं दिए हैं. 0 2013 के बाद वक्फ बोर्ड को दिए गए ध्ये व्यापक अधिकार- 2013 में यूपीए सरकार के दौरान मूल अधिनियम में संशोधन करके वक्फ बोर्डों को अधिक व्यापक अधिकार प्रदान किए गए थे, जो वक्फ अधिकारियों, व्यक्तिगत संपत्ति मालिकों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सहित कई राज्य संस्थाओं के बीच विवाद का एक प्रमुख कारण रहा है.

एलजी कर सकते हैं दिल्ली नगर निगम

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जेबी पार्डीवाला ने पिछले साल 17 मई को सुनवाई के बाद आदेश को सुरक्षित रख लिया था। 0 उपराज्यपाल के पास अधिकार- पिछले साल जब पार्षदों को मनोनीत किया गया था, तब उपराज्यपाल ऑफिस की ओर से कहा गया था कि डीएमसी एक्ट के तहत प्राप्त शक्तियों के तहत उपराज्यपाल को 10 लोगों को नगर निगम में मनोनीत करने का अधिकार है। इसमें कहा गया था कि उपराज्यपाल को कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों के तहत पार्षदों की नियुक्ति का पूरा अधिकार है। 0 दिल्ली सरकार ने किया ये दावा- मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दावा किया था कि एमसीडी में सदस्यों का मनोनयन दिल्ली सरकार ही करती है, लेकिन एलजी ने बिना सरकार से सलाह लिए सदस्यों को नामित किया। संविधान के तहत मनोनयन का अधिकार सरकार के पास है।

डेथ चैंबर बन गए हैं कोचिंग सेंटर,...

तीन बच्चों की मौत के बाद केजरीवाल सरकार हरकत में आ गई है. AAP नेता और मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार कोचिंग इंस्टीट्यूट्स को रेगुलेट करने के लिए कानूनी लाएगी और कोचिंग में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स से भी इस पर सुझाव लिया जाएगा. मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि बेसमेंट में चलने वाले कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं. राजेंद्र नगर, मुखर्जी नगर और प्रीत विहार में अब तक बड़ी संख्या में बेसमेंट सील किए गए हैं. कई कोचिंग सेंटर को शो कॉज नोटिस भी जारी किया है.

नासा ने जारी किया खौफनाक वीडियो

भी कार्बन डाईऑक्साइड निकल रहा है। नासा की रिपोर्ट के मुताबिक, मई 2024 में वायुमंडल में कुछ जगहों पर कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा 427 पार्ट्स प्रति मिलियन दर्ज की गई है। गौरतलब है कि कार्बन धरती पर इंसानों के लिए एक महत्वपूर्ण तत्व है। कार्बन जीवन का मूल निर्माण खंड है और जीवित जीवों के शरीर को बनाने में मदद करता है। कुछ मात्रा में धरती पर कार्बन की जरूरत है, लेकिन बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से धरती पर गर्मी बढ़ती जाएगी, जिससे ग्लोबल वार्मिंग का खतरा और बढ़ता जाएगा।

अमेरिका में मंदी की आशंका से सेंसेक्स ...

BSE लार्जकैप इंडेक्स 2.77 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध की आशंका के कारण ग्लोबल मार्केट में निगेटिव सेंटिमेंट है। इसी का असर भारतीय शेयर बाजार में भी देखने को मिला है। अमेरिका में मंदी की आशंका बढ़ गई है, जिसके कारण पिछले कारोबारी दिन अमेरिकी बाजार में गिरावट रही। इसका असर दुनियाभर के बाजारों में दिख रहा है। वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने एपल में अपनी 50त हिस्सेदारी बेच दी है। वे अब कैश बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं। अन्य बड़े निवेशक भी सेलिंग कर रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार के मौजूदा वैल्यूएशन बढ़े हुए हैं। खासकर मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में। बाजार में इस कारण अच्छा-खासा करेक्शन दिख सकता है। बैंक ऑफ जापान ने अपनी ब्याज दर 0 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.25 प्रतिशत कर दी है। ये 15 सालों में उच्चतम स्तर है। इससे भी ग्लोबल सेंटीमेंट कमजोर हुए हैं। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया ने बताया कि जॉब ग्रोथ रेट काफी स्लो रही है। इससे मंदी की आशंका बन रही है। इसके अलावा ईरान और इजराइल युद्ध के चलते जियो टेंशन्स बनी हुई हैं। रुपए में भी गिरावट है। अजय केडिया के अनुसार इस समय निवेशकों के पोर्टफोलियो में डिफेंसिव स्टॉक जैसे FMCG और फार्मा शेयर होने चाहिए। आने वाले कुछ समय में बाजार में डोमेस्टिक और ग्लोबल मैक्रो फैक्टर के कारण वोलेटिलिटी (उतार-चढ़ाव) देखने को मिल सकता है।

श्री रावतपुरा इंस्टीट्यूट में बोन एंड ज्वाइंट दिवस मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। श्री रावतपुरा सरकार इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेंस एण्ड रिसर्च में 3 अगस्त को 'बोन एंड ज्वाइंट दिवस' मनाया गया। अतुल कुमार तिवारी (निदेशक), डॉ कुंदन इ गेडाम (डीन) एवं श्रीमति डॉ प्रीति कुंडू (मुख्य हॉस्पिटल प्रशासक) के मार्गदर्शन में आर्थोपेडिक्स, इमरजेसी मेडीसीन एवं सामूदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

श्री रावतपुरा सरकार इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेंस एण्ड रिसर्च के लेक्चर हॉल में सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ कुंदन इ गेडाम (डीन), मुख्य अतिथि डॉ आलोक अग्रवाल (प्रोफे सर एंड हेड आर्थोपेडिक्स, एम्स रायपुर, छ.ग. आईओए पूर्व अध्यक्ष), डॉ अतिन कुंडू (प्रोफे सर, पं. जेएनएनएमसी रायपुर, मा. सचिव छ.ग. आईओए) एवं डॉ ए के श्रीवास्तव (कैम्पस डायरेक्टर) के साथ-साथ श्री रावतपुरा सरकार इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेंस एण्ड रिसर्च के सभी विभागाध्यक्ष डॉक्टर, मेडिकल ऑफिसर, टेक्नीसियन, स्टाफ नर्स और अन्य स्टॉफ भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के शुरूआत में डॉ कुंदन गेडाम (डीन) ने अपने कार्यक्रम में हुये रोड एक्सीडेंट केस के अनुभवो को सभी के साथ साझा किया और बताया कि, कैसे छोटी-छोटी लापरवाही से हमें बडी मुसीबतों का सामना करना पडता है। डॉ आलोक अग्रवाल ने वाहन चलाते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इस पर विस्तार से वर्णन किया। डॉ अतिन कुंडू ने बताया कि, इंडियन आर्थोपेडिक्स एसोसिएशन छत्तीसगढ में रोड ऐक्सीडेंट को लेकर जन जागरूकता का वृहद स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों को सड़क सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने में एकजुट होकर काम करने के लिए कहा।

डॉ ए के श्रीवास्तव ने सभी को यह सलाह दिया की वे रोड सेफ्टी के सभी नियमों का पालन जिससे हम सब स्वस्थ और सुरक्षित रहे और रोड सेफटी के नियमों को लेकर समाज में जागरूकता फैलाये। कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढाते हुए डॉ मनीष प्रसाद विभागाध्यक्ष सामूदायिक चिकित्सा विभाग ने रोड एक्सीडेंट के बढते मामलों और उनके आकडों को सभी के समाने विस्तार से प्रस्तुत किया। डॉ. अंशु शेखर सह प्रध्यापक आर्थोपेडिक्स ने पॉली ट्रामा के संबंध में विभिन्न प्रकार के उदाहरणों को देते हुए सभी के समक्ष अपने विचारों को प्रस्तुत किया। डॉ आनंद यादव विभागाध्यक्ष ईमरजेंसी मेडीसीन एवं डॉ पलाश सक्सेना असिस्टेंट प्रोफेसर पलमोनरी मेडीसीन ने ईमरजेंसी के समय मे मरीजों को दी जाने वाली एहतियाती की जानकारी दी।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) नई दिल्ली की टीम ने किया ग्रामों में संचालित एवं क्रियान्वित कार्यो का निरीक्षण

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का किया अवलोकन

राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) नई दिल्ली की निदेशक श्रीमती स्वप्ना रेड्डी एवं कंसलटेंट नीरज तिवारी द्वारा राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में संचालित एवं क्रियान्वित कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, राज्य सलाहकार पुरूषोत्तम पंडा एवं श्रीमती मधुरिमा, परियोजना निदेशक-डीआरडीए हेमंत ठाकुर एवं सीईओ जनपद पंचायत चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके उपस्थित थी।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) नई दिल्ली के निदेशक श्रीमती स्वप्ना रेड्डी एवं कंसलटेंट नीरज तिवारी द्वारा राजनांदगांव जिला अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत अर्जुनी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र तथा ग्राम पंचायत अमलीडीह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण किया तथा आवश्यक जानकारी ली। इसके बाद मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत अम्बागढ़ चौकी विकासखण्ड के मॉडल ग्राम पंचायत चिल्हाटी, आमाटोला, गोपलिंचुवा का निरीक्षण किया गया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत संचालित एसएलडब्ल्यूएम, ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सामुदायिक शौचालय सह व्यवसायिक परिसर के कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी भी ली गई। निरीक्षण के दौरान जिला स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक, जिला सलाहकार, ब्लॉक समन्वयक एवं अन्य संबंधित अधिकारी, ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव, वाटरएड से राजू राठौड़ एवं एबिस पहल की टीम उपस्थिति थी।

मेडिकल कॉलेज को मिले 14 डॉक्टर, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार- मोनू बहादुर

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी ने पिछले दिनों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री की मौजूदगी में राजधानी में जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में एक कमेटी का गठन किया गया था जो मेडिकल कॉलेज की समुचित व्यवस्था हेतु रिपोर्ट देगी। इस बीच शनिवार की शाम स्वास्थ्य महकमे ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 14 एमबीबीएस डॉक्टर्स दिए हैं। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह इन नियुक्तियों का स्वागत करते हुए इस पहल के लिए विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है।

भाजयुमो अध्यक्ष मोनू ने कहा कि, विपक्ष में रहते हुए पांच साल भाजपा और भाजयुमो ने मेडिकल कॉलेज अस?पताल में मरीजों की सुविधाओं के लिए सड़क की लड़ाई लड़ी। जब 2023 में दोबारा जनता ने भाजपा के सुराज को चुना तो पहली प्राथमिकता के साथ मेडिकल कॉलेज को दोबारा पूरी ऊर्जा के साथ संचालित किए जाने के प्रयास शुरु हुए। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने व्यक्तिगत रुप से इस विषय को गंभीरता से लिया। उनके ही सुझाव पर व्यवस्थाओं की जांच-पड़ताल और जरुरत की समीक्षा के लिए कमेटी का गठन किया गया। उन्होंने यहां डॉक्टरों की कमी पर भी चिंता व्यक्त की थी। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में नए डॉक्टरों की नियुक्ति की कवायद शुरु हो गई थी।

मोनू ने कहा कि, अविभाजित राजनांदगांव की जनता में इन नियुक्तियों से उत्साह है। मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं में पहले की अपेक्षा कई बेहतर सुधार हुए हैं। इन नए जूनियर रेसिडेंट डॉक्टरों की ज्वाईनिंग से भी अस्पताल में चिकित्सा सुविधा और सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि, इस उल्लेखनीय पहल के लिए विस अध?यक्ष डॉ. रमन सिंह जी का जितना आभार व्यक्त किया जाए कम ही है।

यात्री ट्रेनों का रद्द किया जाना रेल यात्रियों के ऊपर अत्याचार है: भागवत साहू

मेंटेनेस के नाम पिछले चार सालों से यात्री ट्रेनों को कर रहे रद्द: महापौर

राजनांदगांव (दावा)। रेलवे मेंटेनेस के नाम पर छत्तीसगढ़ प्रदेश से गुजरने वाली 72 से अधिक यात्री ट्रेन को रद्द करने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है वहीं इन्हीं रेलवे ट्रेकों पर 50 गुना से अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जा रहा है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 03 अगस्त को रेल मंत्री के नाम स्थानीय स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द यात्री ट्रेने चलाने की मांग की।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा पिछले चार सालों से यात्री ट्रेनों का परिचालन अचानक रद्द करने का सिलसिला चला रहा है। वर्तमान में भी 72 से अधिक ट्रेनों को राजनांदगांव से कलमना रेलखंड के बीच तीसरी लाईन जोड़ने के नाम पर रद्द कर दिया गया है। 4 से 19 अगस्त 2024 के बीच 72 ट्रेनें प्रभावित रहेगी फरमान जारी किया। रेलवे का यह कदम बेहद ही गैर जिम्मेदाराना और दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशन पर शनिवार 03 अगस्त को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नाम स्थानीय स्टेशन मास्टर श्री बर्मन को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द 72 ट्रेनों का परिचालन सुचारू रूप से चलाने की मांग की है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों को पिछले चार सालों से अचानक रद्द करने का सिलसिला रहा है। ऐसे समय में जब देश का प्रमुख त्यौहार रक्षाबंधन, छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार हरेली है। इस समय इतनी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों का रद्द किया जाना रेल यात्रियों के ऊपर अत्याचार है। रेलवे को यदि मेंटेनेंस करना था तो इसके लिये काम की समय सारिणी का ऐसा प्रबंध किया जाना चाहिये जिससे यात्री सुविधायें बाधित न हो। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि केन्द्र सरकार यात्री ट्रेनों को नियमित चालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही यात्री सुविधाओं विकलांग, बुजुर्ग, रिटायर्ड सैनिकों, छात्रों, बच्चों को पूर्व में मिलने वाली रियायते बहाल की जाए तथा रेलवे के निजीकरण के षड़यंत्र पर तत्काल विराम लगे। महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि पिछले चार वर्षों से देश की रेल सुविधाएं पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। यात्री ट्रेनों की बिना कारण बतायें रद्द कर दिए जाने का फरमान जारी कर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली सैकड़ों यात्री ट्रेनों को अनेकों बार महीनों तक के लिए रद्द किया गया है। महीनों पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन करवाने वाले यात्री रेलवे की मनमानी से परेशान होते है। त्यौहारों, छुट्टियों, शादी ब्याह के लिए सीजनों में रेलवे बिना बताए, बिना कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द कर देती है। रेलवे द्वारा ट्रेनों को रद्द किये जाने का कारण मेंटेनेंस बताया जाता है। जबकि उन्हीं ट्रेकों पर यात्री ट्रेनों से 50 गुना अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जाता है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाले कोयले का परिवहन कर दूसरे प्रदेश को भेजने के लिए भी छत्तीसगढ़ की यात्री सुविधाओं को बाधित किया गया। श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि रेलवे द्वारा जिस प्रकार से यात्री ट्रेनों के संचालन में लगातार कोताही बरती जा रही है उससे स्पष्ट हो रहा है कि रेलवे यात्री सुविधाओं की अपेक्षा मालवाहक गाड़ियों को ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। यह जानबूझकर किया जाने वाला षड्यंत्र है ताकि जनमानस में रेल अलोकप्रिय हो और मोदी सरकार रेलवे को निजी हाथों विशेषकर अडानी समूह को सौंप सकें रेल देश के नागरिकों की सबसे सुलभ और लोकप्रिय सुविधा है। आजादी के पहले और बाद में भी सभी सरकारों ने घाटा उठाकर भी जनहित में रेलवे का संचालन अनवरत जारी रखा। रेलवे को बेचने का कोई भी प्रयास देश की जनता के साथ धोखा है, कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है।

इस दौरान प्रमुख रूप से रमेश डाकलिया, मेहुल मारू, पदम सिंह कोठारी, रमेश खंडेलवाल, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, मोती साहू, झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, नासिर जिंदरान, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सिद्धार्थ डोंगरे, अजय मारकंडे, युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, विशु अजमानी, सुरेन्द्र देवांगन, शैलेष ठाकरे, गिरीश साहू, बंटी यादव, रमाकांत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

हमर हरियर डोंगरगांव अभियान से जुड़े शहर के व्यापारी

हरेली में किया वृहद पौधारोपण

डोंगरगांव (दावा)। शहर में चलाए जा रहे हैं हमर हरियर डोंगरगांव अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में पौधरोपण किया जा रहा है और इस अभियान से शहरवासी लगातार जुड़ रहे हैं इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार हरेली के पावन अवसर पर शहर के व्यापारी समुदाय के द्वारा वृहद पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया, जिसके तहत 4 अगस्त शनिवार को प्रात: 9 बजे से पुलिस थाना से मटिया रोड में पौधों का रोपण किया गया. इस दौरान विभिन्न प्रकार के फूलदार, छायादार तथा औषधि युक्त पौधे रोपित किए गए. इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारियों सहित व्यापारी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. साथ ही नगर के अन्य स्वयंसेवी संगठन भी इस अवसर पर अपनी सहभागिता दी है. पौधारोपण में कार्यरत निकाय के सभी अधिकारी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा है. इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद, उपाध्यक्ष ललित लोढा, सिद्दिक बड़गुजर, प्रियंक जैन, डीकेश साहू, किशोर बोहरा, तहसीलदार पी.एल.नाग, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, एबीईओ रश्मि ठाकुर, जयंत साहू, सीएमओ दादूपाल सिंह, सेल टेक्स ऑफिसर दुर्ग सुनीति पैकरा सहित सुरेश गुप्ता अपने शेश क्लब के सदस्यों के साथ व मुहल्लेवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष बने घनश्याम

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, महासचिव विश्व दीपक राई, संभाग अध्यक्ष छगन साहू एवं संभाग अध्यक्ष श्री मिर्जा के मार्गदर्शन एवं राजनांदगांव जिला प्रभारी ललित साहू, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष राम साहू के नेतृत्व व वरिष्ठ पत्रकार बालकृष्ण सिन्हा, गोविन्द गुप्ता एवं प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी की विशेष उपस्थित में ब्लॉक इकाई डोंगरगांव का गठन 3 अगस्त शनिवार को किया गया.

जिसमें वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम साहू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष तथा सचिव के रूप में महेन्द्र लेंझारे को चुना गया। उनकी नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने श्री साहू एवं लेझारे को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि सर्वसम्मति से जल्द ही अन्य पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। इस दौरान दिवाकर सोनी, राजा राणा, देवेन्द्र देवांगन, टुमन साहू, प्रकाश गुप्ता एवं ब्लॉक के समस्त पत्रकार साथी विशेष रूप से उपस्थित रहे.

रक्तदान से मानव जीवन बचाने का कर्तव्य व धर्म हैं छात्र युवा मंच परिवार का

राजनांदगांव(दावा)। संगठन की साप्ताहिक बैठक दिन रविवार को गुरुद्वारा के पास स्थित रक्त सहायता केंद्र मे आयोजित की गयी जिसमे संगठन के अभियान प्रभारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहें, बैठक मे आगामी रक्तदान शिविर व समाज मे यातायात व रक्तदान के प्रति जन जागरूकता लाने कार्य योजना बनाई गयी।

बैठक का संचालन करते हुए प्रदेश सयोंजक नागेश यदु रक्तवीर ने बताया की संगठन के द्वारा रक्तदान के क्षेत्र मे निरंतर कार्य करने से समाज मे संगठन के कार्यों व पदाधिकारी पर विश्वास कायम हुआ हैं और हमें समाज के इस विश्वास पर खरा उतरकर निरंतर मानव जीवन बचाने के पुण्य कार्य मे अपना शत प्रतिशत योगदान देना हैं, संगठन का उद्देश्य सिर्फ रक्त की सहायता करना नहीं हैं बल्कि समाज मे नए रक्तवीरो का सृजन करना हैं जिससे जिले के किसी भी व्यक्ति को रक्त के लिए भटकना न पड़े और किसी भी व्यक्ति कि अकाल मृत्यु रक्त कि कमी से न हो छात्र युवा मंच परिवार का धर्म व कर्तव्य हैं मानव जीवन बचाने का जिस पर हम सभी सदस्य व पदाधिकारी को संकलपित होकर कार्य करना हैं। राजनांदगाव को बनाएंगे रक्तवीरो का शहर, स्कूल कॉलेजो मे जागरूकता से तैयार होंगे नए रक्तवीर - चंद्रभान जंघेल

संगठन के प्रदेश प्रमुख चंद्रभान जंघेल ने बैठक मे उपस्थित सदस्य व पदाधिकारी को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र युवा मंच संगठन आज जिला नहीं वरन प्रदेश का एकमात्र ऐसा संगठन हैं जो वर्ष के 365 दिन व 24 घंटे रक्तदान जागरूकता मे कार्य कर रही हैं संगठन द्वारा रिकार्ड 98 रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया हैं, हमारा प्रयास रहता हैं की शहर के समस्त धार्मिक राजनितिक सामाजिक संगठन, महापुरुषों की जयंती पुण्यतिथि, राजनेताओं के जन्मदिन, धार्मिक पर्व आयोजन व विवाह, नामकरण गृह पूजा जैसे पारिवारिक कार्यों में रक्तदान शिविर आयोजित करे जिससे किसी भी धर्म समाज व परिवार के सदस्य की अकाल मृत्यु रक्त की कमी से न हो, समाज आग्रह के साथ ही हम प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान कर जन्मदिन यादगार रूप से मनाने आग्रह करते हैं, संगठन का उद्देश्य हैं कि राजनांदगांव जिले को आने वाले समय मे रक्तवीरो के शहर के रूप मे जाना जाये जिसके लिए जनजागरूकता आवश्यक हैं जिससे हर घर रक्तदाता - घर घर रक्तदाता बनेगे, इस अभियान उद्देश्य को जन जन तक पहुंचाने व नए रक्तवीर बनाने स्कूल कॉलेज मे रक्तदान व यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

बेलगांव हाईस्कूल में पौधरोपण कर किया गया साइकिल वितरण

छात्र परिषद का गठन, दिलाई गई शपथ

डोंगरगढ़(दावा)। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाईस्कूल मैदान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल एक पेड़ मां के नाम शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम पश्चात छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बनोआना, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, सरपंच छबीलराम साहू, हाईस्कूल प्राचार्य कालिंद्री तिवारी उपस्थित थे। साथ ही जनप्रतिनिधि द्वारा स्कूली छात्रों को सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया।

छात्र परिषद का गठन, दिलाई गई शपथ

हाईस्कूल में छात्र परिषद का गठन कर नियुक्त शाला नायकों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसमें शाला नायक भूपेश रोहित व शाला नायिका प्रेरणा वर्मा/दीपक तर्मा 12वीं, उपशाला नायक के पद पर डोमेश्वर/बेलाराम व उपशाला नायिका नम्रता/डुमेश वर्मा 11वीं, छात्रा प्रतिनिधी चंचल/भागवतराम, जया/शांतीलाल 12वीं, सचिव पद के लिए प्रतिमा साहू/टकेश्वर साहू 12 वीं एवं सहसचिव युवरानी/ललित कुमार 12वीं व देनिका सिन्हा/नरेश 11वी सहित अन्य शाला नायकों को शपथ दिलाई गई। ग्राम के सरपंच छबिलराम साहू ने सभी शाला नायकों को बधाई देते हुए कहा कि शाला नायक को जिम्मेदारी होती है कि वे स्कूल में अनुशासन में रहकर सभी छात्रों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करें और अधिक से अधिक अंक लाकर गांव व स्कूल का नाम रोशन करें और जिन छात्र छात्राओं को दायित्व दिया गया है वह अपनी जिम्मेदारी के साथ अपने पद का निर्वहन करें। इस अवसर पर मुरली वर्मा, धर्मचंद वर्मा, योगेश साहू नेतराम कंवर, एच.एम. रामभरोसा सहित शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त लेखापाल लक्ष्मीनारायण शर्मा को भावभीनी बिदाई

चिचोला (दावा)। शास. उच्च. माध्य. शाला चिचोला में पदस्थ रहे लेखापाल लक्ष्मी नारायण शर्मा को उनके 62 वर्ष सेवाकाल के सेवानिवृत्त के अवसर पर विकासखण्ड छुरिया लिपिक संघ एवं शास. उच्च. माध्य. शाला स्टॉफ चिचोला के संयुक्त तत्वधान में सम्मान एवं बिदाई समारोह का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र में पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाशचंद जोशी प्राचार्य शास. उच्च. माध्य. शाला चिचोला एवं कार्यक्रम का संचालन जी.के.काण्डे प्रधान पाठक शास.पूर्व माध्य. शाला चिचोला ने किया। कार्यक्रम में लिपिक संघ विकासखण्ड छुरिया शाखा के अध्यक्ष नीलमणी साहू, संरक्षक लालसिंह उइके, वरिष्ठ लेखापाल कुशल कुमार सामतकर, कृष्णपाल सिंह ठाकुर, हिरामन लाल साहू, उमेश मानिकपुरी, जयप्रकाश भुवनेश्वर, निलेन्द्र कुमार उइके, टानिश कुंजाम, मेवेन्द्र बंजारे, ज्ञानेश कुमार कुंजाम, श्रीमती योगिता कुंजाम, सिद्धार्थ शंकर शर्मा कमल नारायण दरों एवं डी.डी.ओ. के सभी प्राचार्यगण उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा में डॉ. प्रफुल्लचंद्र राय जयंती मनाया गया

डोंगरगढ़/मुसरा(दावा)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में भारतीय रसायन शास्त्र के जनक एवं उद्यमी तथा महान शिक्षक आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय की जन्मजयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम में बच्चों के माध्यम से विचार व्यक्त किया गया। जिसमें राय जी को सादा जीवन उच्च विचार वाले उनके बहुआयामी व्यक्तित्व से बहुत लोग प्रभावित हो जाते थे।

आचार्य जी ने कहा की, वे भारतीय प्रवक्ता (प्रोफेसर)ही नही थे। बल्कि उन्होंने ही रसायन उद्योग की नींव डाली थी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य सुनील कुमार पटेल ने अपने उद्बोधन में राय जी को बहुत विलक्षण प्रतिभा धनी एवं विशिष्ठ जीवन चरित्र के महान शिक्षाविद कहा गया।विद्यालय के एग्जाम सेल एंड एकेडेमिक इंचार्ज जे एन वर्मा ने राय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए विचार व्यक्त किया गया कि राय जी ने हिंदू इतिहास नामक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखा जिसमें इसकी बड़ी प्रसिद्धि हुई इन्होंने अपनी उच्च स्तरीय शिक्षा विद्यासागर कॉलेज कोलकाता विश्वविद्यालय एडिनबर्ग विश्वविद्यालय से प्राप्त किया तथा डरहम विश्वविद्यालय ने आपको डीएससी की उपाधि प्रदान की और यह केवल रसायन शास्त्र ही नही आधुनिक विज्ञान के भी प्रस्तोता थे जिसके चलते वे भारतवासियों के लिए सदैव वंदनीय एवं स्मरणीय रहेंगे।

उपर्युक्त कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य भागवत पटेल, भूखन वर्मा, कुशल वर्मा, मानिक पटेल, पार्थ बंजारे, दीदियां विद्या वैष्णव, संतोषी विश्वकर्मा, प्रतिभा पटेल, भानेश्वरी उइके, डोमेश्वरी पैकरा एवं विद्यालय के सभी स्टूडेंट्स सम्मिलित थे।

सीएम साय और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने की कथावाचक प्रदीप मिश्रा से सौजन्य मुलाकात

स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की नंदी की मूर्ति

राजनांदगांव (दावा)। सीएम विष्णुदेव साय ने आज राजनांदगांव के क्लब हाऊस सन सिटी में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौजन्य मुलाकात की. सीएम साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उन्हें शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया और स्मृति चिन्ह के रूप में बेलमेटल की नंदी की मूर्ति भेंट की. मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन श्रावण मास चल रहा है, इस दौरान आपसे मुलाकात करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ. मुलाकात के बाद सीएम साय ने विभिन्न मुद्दों पर मीडिया से बातचीत की.

सीएम साय ने कथावाचक प्रदीप मिश्रा से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज मैं पहले कवर्धा भोरमदेव शिव मंदिर दर्शन करने पहुंचा था. श्रद्धालु नर्मदा से पानी लेकर 2 दिन की पैदल यात्रा के बाद भोरमदेव में जल लेकर पहुंचते हैं और भोरमदेव के शिव मंदिर में जल चढ़ाते हैं.

सीएम साय ने बताया कि उन्होंने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया और कावड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की. मैंने छत्तीसगढ़ की खुशहाली और बरसात से फसल अच्छी हो, इसके लिए भगवान शिव से मनोकामना की है.

वक्फ बोर्ड में कानून के बदलाव को लेकर मुस्लिमों के विरोध पर सीएम साय का बयान

इस दौरान मीडिया के वक्फ बोर्ड के कानून में बदलाव को लेकर मुस्लिम समुदाय के विवादित बयान को लेकर किये गए सवाल पर सीएम साय ने कहा कि पहले कानून आने का इंतजार करना चाहिए. इसके साथ ही जिस किसी व्यक्ति ने देश टुकड़े होने का बयान दिया है, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए.

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल, डमरू भी बजाया

राजनांदगांव (दावा)। सवान के तीसरे सोमवार को शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा. राजनांदगांव में भी शिव भक्त शिवनाथ नदी से जल लेकर निकले. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पुष्प बरसाकर कांवड़ियों का स्वागत किया. उन्होंने डमरू भी बजाया. राजनांदगांव विधानसभा के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज शहर के नंदई चौक पर पहुंचकर शिव भक्तों पर पुष्प बरसाए. डमरू बजाकर भक्तों का जोशीले अंदाज में स्वागत किया. इस दौरान शिव भक्तों का जोरदार उत्साह दिखा. कावड़ियों के स्वागत कार्यक्रम में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के साथ भारी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे.

पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर किया पलटवार

वहीं सीएम साय ने भूपेश बघेल के 'गायों के लिए जनपद समिति और सर्वाधिक निर्यात' वाले बयान का पलटवार करते हुए कहा- भूपेश बघेल के कार्यकाल में नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी योजना चलाई गई थी और भूपेश बघेल के कार्यकाल में सबसे ज्यादा गाय मारी गई है.

रिश्वतखोर एसडीओ सौरभ ताम्रकार, 30 हजार की रिश्वत लेते एसीबी ने रंगे हाथ पकड़ा

खैरागढ़ जिले में रिश्वत खोर की संख्या बढ़ते जा रही है

खैरागढ़ (दावा)। एसीबी ने प्रभारी संभाग छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एसडीओ, जनपद पंचायत छुईखदान को 30 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसडीओ ने बिल भुगतान के एवज में रिश्वत की मांग की थी। एसीबी की टीम ने पीड़ित सरपंच की शिकायत पर आज रंगे हाथ एसडीओ को रिश्वत लेते पकड़ा।

दरअसल, जगन्नाथ वर्मा, सरपंच, ग्राम पंचायत मोहगांव, गंडई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ने एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर के कार्यालय में शिकायत की थी कि उनके पंचायत को नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी के तहत् गौठान में लघु वनोपज बिल्डिंग, कचरा शेड बिल्डिंग, कुटकुट शेड एवं महिला शेड निर्माण कार्य के बिल भुगतान हेतु सौरम ताम्रकार, उप अभियंता, उपसंभाग खैरागढ़ प्रभारी एसडीओ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उप यांत्रिकी सेवा, उप संभाग छुईखदान के कार्यालय में भेजा गया, जहां 30,000 रु. रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी सौरभ ताम्रकार को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय, भ्र.नि.अ. राजनांदगांव में पेश जावेगा। आरोपी के विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

बिल के भुगतान के एवज में रिश्वत की मांग बिल के भुगतान के एवज में आरोपी द्वारा प्रार्थी से 30,000 रूपये रिश्वत की मांग की थी। प्रार्थी रिश्वत नहीं देता चाहता था, बल्कि रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन पर सही पाये जाने से आज ट्रेप आयोजित किया गया। प्रार्थी को आरोपी सौरभ ताम्रकार, प्रभारी एसडीओ, ग्रामीण

डॉ. रमन ने भाजपा कार्यालय में बेल व नीम के पेड़ लगाये

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का दो दिवसीय व्यवस्तम स्थानीय प्रवास आज शाम भाजपा कार्यालय में बेल व नीम के पेड़ लगाने के साथ ही संपन्न हुआ।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. रमन सिंह दो दिवसीय प्रवास के दौरान जहॉ विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लिया वही महाकाल यात्रा में भी शामिल हुये। नई शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया तथा अपने निवास में सैकड़ों नागरिकों व विभिन्न संस्थाओं के लोगों से प्रत्यक्ष भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना-समझा व आवश्यक निराकरण भी किया। रायपुर प्रस्थान करने के पूर्व डॉ. सिंह ने जिला भाजपा कार्यालय में बेल व नीम के दो पेड़ लगाये तथा उसके आवश्यक संरक्षण का पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश भी दिया।

इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, सचिन सिंह बघेल, विक्रांत सिंह, भरत वर्मा, रघुवीर वाधवा, आभा तिवारी, आकाश चोपड़ा, किरण साहू, मधु बैद, रेखा मेश्राम, शिव वर्मा, त्रिगुण टॉक, दीनू गुप्ता, बंटी भाटिया, तरूण लहरवानी, गोलू सूर्यवंशी, हरीश सोनवानी, राजा माखीजा, गिन्नी चावला, शंकर पटेल, विट्ठल पटेल, देवकुमारी साहू सहित पार्टी के अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संस्कारधानी बनी सामाजिक सद्भाव राष्ट्र प्रेम की मिसाल

कावड़ यात्रा में दिव्यांग नौनिहाल, साई हॉस्टल हॉकी खिलाड़ी हुए शामिल, डॉ. रमन ने किया स्वागत

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में आज कावड़ यात्रा में शिव भक्ति के साथ-साथ अद्भुत मिसाल देखने को मिली नगर को संस्कारधानी की उपमा दी गई है उसके अनुरूप ही कावड़ यात्रा में भी सामाजिक सद्भाव प्रेम समरसता राष्ट्र प्रेम के संस्कार की अनुभूति हुई।

उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम मंदिर के सेवक पंकज गुप्ता राकेश ठाकुर, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, निकुंज सिंघल, राजेश शर्मा अमलेंदू हाजरा, जय नारायण सिंह, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता ने बताया कि संस्कारधानी के संस्कार के अनुरूप श्री बागेश्वर धाम कावड़ यात्रा जो कि आज भारतीय खेलो हॉकी व खिलाड़ियों के तथा दिव्यांग मूक बधिर बच्चों के कल्याण व उज्जवल भविष्य व हॉकी टीम के जीतने की कामना से रखी गई थी। जिसमें इस वर्ष की तीसरी कावड़ यात्रा में सर्वाधिक संख्या में शिव भक्तगण उत्साह के साथ शामिल हुए। भगवान भोलेनाथ की कल्याणकारी कावड़ यात्रा जिसमें नगर के आस्था मूकबधिरशाला के साइ हॉस्टल के वह नगर के वरिष्ठ खिलाड़ी पूर्ण भक्ति भाव से शामिल हुए। हॉकी खिलाड़ियों में पूर्व महापौर नरेश डाकलिया मनीष गौतम, प्रिंस भाटिया आदि शामिल हुए तथा आस्था संस्था से महेंद्र सुराणा, हेमंत तिवारी, मिनेश खंडेलवाल के साथ दिव्यांग बच्चों व साइ हॉस्टल के खिलाड़ी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

नंदई चौक में कावड़ यात्रा का स्वागत अभिनंदन पुष्प वर्षा करके विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा किया गया वहां श्री बागेश्वर मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक सोहन गुप्ता, कैलाश गुप्ता, सेवक गण पंकज गुप्ता, विजय गुप्ता, सूरज गुप्ता द्वारा बागेश्वर धाम का गमछा पहनकर उनका सम्मान किया गया, कावड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए उत्साह व शिव भक्ति राष्ट्र प्रेम की भावना से झूमते बोल बम, हर हर महादेव के नारों के साथ शिव भक्तों के साथ श्री बागेश्वर मंदिर पहुंची जहां कावड़ यात्रियों द्वारा स्वयं की मनोकामना के साथ साथ भारतीय हॉकी टीम के स्वर्ण पदक जीतने तथा खिलाड़ियों व मूकबधिर दिव्यांग बच्चों के कल्याण व उज्जवल भविष्य की कामना से श्री बागेश्वर महादेव में जल अर्पण किया गया। तत्पश्चात आरती व प्रसाद वितरण के पास यात्रा को अगले सोमवार तक विराम दिया गया।

खेद

अपरिहार्य कारणों से 5 अगस्त को दैनिक दावा पाठकों तक नहीं पहुंच पाया। जिसका हमें खेद है। प्रबंधक

कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में पढ़े लिखे युवाओं को गोबर बिनने में लगा दिया था - किरण सिंह देव

मां बम्लेश्वरी का दर्शन कर प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने

डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों के दम पर प्रदेशवासियों को मिल रही है सुविधाएं - सिंहदेव

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव जिले के धर्मनगरी डोंगरगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने सपरिवार विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी देवी की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के खुशहाली की कामना की।

इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस के द्वारा आगामी तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा पर लगाए जा रहे आरोप पर कहा कि कांग्रेस लोकसभा और विधानसभा चुनाव में साफ हो चुकी है। कांग्रेस के पास कहने को कुछ भी नही हैं।तिरंगा यात्रा कोई पहली बार नहीं निकल रही है, तिरंगा हम देशवासियों की आन बान और शान का प्रतीक है।

तिरंगा यात्रा को लेकर आज होगी बड़ी बैठक

तिरंगा यात्रा को लेकर कल प्रदेश स्तर पर बड़ी बैठक भी होना है जिसमें मंडल और बूथ स्तर तक तिरंगा यात्रा को लेकर तैयारी की जाएगी और हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर में तिरंगा लगाया जाएगा ।हर चीज में राजनीति अच्छी बात नहीं है और तिरंगा को लेकर राजनीति करना आश्चर्यजनक है। भाजपा प्रदेश सरकार के द्वारा लिए गए 25 हजार करोड़ रुपए के कर्ज पर प्रदेश सरकार का मैनेजमेंट फेल होने का आरोप कांग्रेस ने लगाया है। जिस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पिछले 5 वर्षों में क्या किया सारा बोझ तो उनके द्वारा दिया हुआ है।

डॉ. रमन सिंह द्वारा किए गए विकास कार्यों के दम पर प्रदेशवासियों को मिली सुविधाएं

कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की, कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में सुई के नोक के बराबर भी पिछले 5 वर्षों में काम नहीं किया।

यह जितने भी विकास कार्य दिखते हैं, 15 वर्षों के रमन सिंह के कार्यकाल के कार्य हैं। कांग्रेस ने अपने पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल में पढ़े लिखे युवाओं को गोबर बिनने में लगा दिया था क्या यह उनकी योजना थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और नरेंद्र मोदी के केंद्र सरकार की डबल इंजन की सरकार चल रही है जिसका नतीजा है कि विधानसभा के बाद लोकसभा में भी 11 में से 10 सीट बीजेपी जीत कर आई है।

भाजपा नेता मनोज निर्वाणी को मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर में उड़े

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक आदिवासी समाज के सरल और सहज नेता के नाम से जाने जाते हैं, इसकी मिसाल आज हेलीपैड में देखने को मिली। जब एक सामान्य कार्यकर्ता मनोज निर्वाणी को उन्होंने अपने साथ हेलीकॉप्टर में जगह देते हुए उनसे विभिन्न विषयों पर बातचीत साझा की। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी को आज मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव एक दिवसीय प्रवास पर आए, प्रवास में वापसी के दौरान उन्होंने अपने पुराने साथी व कार्यकर्ता मनोज निर्वाणी को अपने क्षेत्र जशपुर जिले के लिए साथ ले गए।

विदित हो कि आज जशपुर जिले में वनवासी कल्याण आश्रम का कार्यक्रम है, और उसके बाद बगीचा में भी कार्यक्रम रखा गया है। मुख्यमंत्री सरल और सहज स्वभाव और अपने कार्यकर्ताओं का ध्यान रखते हैं। मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए मनोज निर्वाणी ने उनसे निवेदन किया कि जल्द से जल्द राजगामी और आयोग और निगम मंडलों की घोषणा करने की कृपा करें।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com